आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 214, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 14

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 13

## बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

### पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।



बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा

के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।

## दवा फैक्ट्री में केमिकल के दुष्प्रभाव से आठ महिलाएं बेहोश

संवाददाता, काशीपुर

**हादसा**

- पीड़िताओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, दो महिलाओं की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** दवा बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाले केमिकल के दुष्प्रभाव से दवा फैक्ट्री में काम करने वाली आठ महिलाएं बेहोश हो गईं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है।

मुरादाबाद रोड स्थित एक दवा फैक्ट्री के सीरप प्लांट में करीब 30 महिलाएं काम कर रही थीं। पांच बजे उनकी शिफ्ट खत्म होनी थी। करीब साढ़े चार बजे सीरप प्लांट में कोई तीव्र दुर्गंध वाला केमिकल गिर गया। जिससे प्लांट में काम कर रही महिलाएं एक-एक कर बेहोश होकर गिरने लगी। महिलाओं को मूर्छित होकर गिरते देख वहां हड़कंप मच गया। फैक्ट्री के एचआर मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने स्टाफ की मदद से बेहोश महिलाओं को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेहोश हुई महिलाओं में लक्ष्मीपुर पट्टी मंझरा निवासी अनिता पत्नी राजेंद्र सिंह (32), हरियावाला निवासी आशा देवी पत्नी लक्ष्मण (35), ग्राम रतुपुरा, ठाकुरद्वारा निवासी कंचन देवी पत्नी प्रदीप कुमार (32), ग्राम



काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती महिलाएं। ● अमृत विचार

फाजलपुर, जसपुर निवासी कशिश पुत्री जंगबहादुर सिंह (19), आकांक्षा गार्डन निवासी चंचल पत्नी रवि कुमार (31), आशा देवी पत्नी कैलाश कुमार (32), ग्राम हरियावाला निवासी मीना देवी पत्नी हीरालाल (32) व नेहा यादव (32) शामिल हैं।

इसके अलावा प्लांट में काम कर रही अन्य महिलाओं की भी हालत खराब हो गई। उन्हें भी आंखों में जलन की शिकायत होने लगी। इन महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बेहोश हुई महिलाओं में आशा व कशिश की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें सीसीयू में रखा गया है। अस्पताल के संचालक डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि सभी महिलाओं की हालत खतरे से बाहर है। सूचना पर तहसीलदार पंकज चंदोला ने लेखपाल मनीष कुमार व टीम को मौके पर भेजा। फैक्ट्री के पार्टनर गोपाल कृष्ण अग्रवाल का कहना है कि सीरप प्लांट में कोई केमिकल गिरने से यह हादसा हुआ है।

## एक नजर

### महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

### सलमान के काफिले में घुसे युवक पर मामला दर्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सुरक्षा काफिले में घुसे मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बीती रात बांद्रा में महबूब स्टूडियो और गैलेक्सी अपार्टमेंट के बीच हुई, जहां अभिनेता का घर है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कई धमकियां मिली हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई है। घटना के समय सलमान अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12.15 बजे जब काफिला महबूब स्टूडियो से गुजरा तो मोटरसाइकिल पर सवार उजैर फैज मोहिउद्दीन (21) ने सलमान की कार के पास जाने की कोशिश की।

## कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती
- भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी

श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधाते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने



वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा है कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरूद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।'इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।



- राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

## अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

**अमृत विचार :** रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को



"बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। **-आशुतोष शुक्ला**, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुई हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।

## दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

### मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली
- कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व मामा के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

## आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- पांच कैबिनेट मंत्री भी होंगे, एक नया चेहरा शामिल

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे।

'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## बद्रीनाथ राजमार्ग पर पर्थाडीप बना डेंजर जोन

ब्यूरो, देहरादून

- जगह-जगह दरक रही पहाड़ी दलदल से गुजर रहे वाहन

**अमृत विचार :** बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिक्कतें बरकरार हैं। कर्णप्रयाग और गौचर के पास चटवा पीपल की तरह नंदप्रयाग के समीप पर्थाडीप भूस्खलन जोन बना है। जगह-जगह पहाड़ी दरक रही हैं, जिससे खतरा बना हुआ है। पहाड़ी पर खिसक रही मिट्टी व रेत होने की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग दलदल में तब्दील हो गया है। जिस वजह से आवाजाही बाधित हो रही है।

बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर इसी तरह नंदप्रयाग के पास पर्थाडीप भूस्खलन जोन बना हुआ है। यहां 40 मीटर हिस्से में चीड़ के पेड़ों के साथ पहाड़ी दरक रही है, जिससे बार-बार



बद्रीनाथ हाईवे पर दलदल के बीच से लोग कर रहे आवाजाही। ● अमृत विचार

हाईवे बाधित हो रहा है। इस जगह पर 25 साल बाद भूस्खलन दोबारा हो रहा है। इसके चलते बद्रीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को नंदप्रयाग में पहुंचते ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नंदप्रयाग बाजार से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित पर्थाडीप भूस्खलन क्षेत्र चीड़ के पेड़ों से आच्छादित है।

बताते हैं कि वर्ष 1999 में पर्थाडीप की पहाड़ी के निचले हिस्से से भूस्खलन शुरू हुआ था। यहां कच्चे पहाड़ हैं। चट्टानें कम हैं, जिससे मिट्टी थोड़ी बारिश होने पर भी खिसक रही है। इस मिट्टी में रेत की मात्रा अधिक होने से यह हाईवे की ओर खिसक रही है। मिट्टी व रेत की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर दलदल हो गई है। जिससे आवाजाही बाधित हो रही है।

## उत्तराखंड के 4 गांवों को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य के पर्वतीय जिलों के चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलेगा। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर इन गांवों के प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर पर्यटन विभाग, संबंधित गांवों के प्रधानों व जनता को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्य सरकार की प्रदेश के पर्वतीय जिलों में गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने की पहल सफल रही है। इधर, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता कराता है। संस्कृति और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, समुदाय आधारित मूल्यों व जीवन शैली को बढ़ावा देने, आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को इसमें परखा जाता है। इस वर्ष उत्तराखंड के चार गांवों का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें उत्तरकाशी के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन, हर्षिल गांव को वाइब्रेंट विलेज, पिथौरागढ़ के सीमांत गांव गुंजी को वाइब्रेंट विलेज और नैनीताल के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए चुना गया है।

## पांचवें उत्तराखंड राज्य खेल आज से

**नैनीताल :** उत्तराखंड में 20 से 27 सितंबर तक पांचवें राज्य खेल का आयोजन होगा। उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि प्रदेश भर में करीब 6000 खिलाड़ी राज्य खेलों में प्रतिभाग करेंगे। 20 से 23 सितंबर तक नैनीताल में गोल्फ, कयाकिंग-कैनोइंग, रोइंग यचिंग, हल्द्वानी में साइक्लिंग और तैराकी। 25 और 27 सितंबर को काशीपुर में मॉडर्न पेंटथलो, 20 से 23 तक देहरादून में निशानेबाजी, रुड़की में स्क्वेयर्स, हरिद्वार में ट्रायलोथोन, रुद्रपुर में 20 से 23 सितंबर तक हॉकी, ताइक्वांडो, फुटबॉल, जूडो, कबड्डी, वुशू, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

## हरिद्वार में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### देहरादून में किराए के मकान से चला रहे थे नकली नोटों का कारोबार, 2 लाख 25 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** हरिद्वार पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्य हरिद्वार और दो देहरादून में पकड़े गए हैं। नकली नोटों का यह धंधा देहरादून में किराए के मकान से चल रहा था। इनके कब्जे से 2 लाख 25 हजार रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को रोका। तलाशी में उनके पास से 500-500 के 44 नोट मिले।



बरामद नकली नोट बनाने के उपकरण।

नोटों की गहनता से जांच की तो वे नकली पाए गए। इसके बाद पुलिस इन चारों आरोपियों सौरभ निवासी देवबंद (सहारनपुर), निखिल निवासी सरसावा (सहारनपुर), अनंतबीर बाबूगढ छावनी (हापुड़) और नीरज निवासी गांधी कॉलोनी देवबंद को कोतवाली ले आई। वहां पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके दो अन्य साथी मोहित और विशाल देहरादून के सुद्धोवाला में मकान किराए पर लेकर रहते हैं। वहां लैपटॉप व प्रिंटर की मदद से नकली नोट बनाने का काम करते हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने तत्काल एक पुलिस टीम को देहरादून भेजा। टीम ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुद्धोवाला में एक मकान में दबिश देकर मोहित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 500-500 के 200 नकली नोट यानी कुल एक लाख रुपये बरामद हुए। वहीं कमरे से लैपटॉप, प्रिंटर, दो ब्लेड कटर, दो चमकीली ग्रीन टेप और नोट छापने का सामान भी मिला। इसके बाद टीम ने पटेलनगर थाना क्षेत्र के दून एनक्लेव से विशाल को भी पकड़ लिया। उसके पास 500-500 के 207 नकली नोट यानी कुल एक लाख तीन हजार रुपये बरामद हुए।

### यूट्यूब से सीख बनाने लगे नकली नोट

मोहित गिरोह का सरगना है और वह नकली नोट बनाने में माहिर है। यूट्यूब देखकर उसने नकली नोट छापना शुरू कर दिया। यह सब काम इतनी सफाई से करता था कि पहली नजर से नोट में असली-नकली का अंतर कर पाना मुश्किल है। मोहित और निखिल कुमार इससे पहले भी नकली नोट छापने और बाजार में चलाने के आरोपी में हिमाचल प्रदेश के नहान में जेल जा चुके हैं।

### असली नोट स्कैन कर बनाते थे नकली

आरोपियों ने 500 के असली नोट स्कैन कर रखे थे। उसी से नकली नोट प्रिंट करते थे। नकली नोटों को आरोपी देहरादून और हरिद्वार के बाजारों में बड़ी चालाकी से चलाते थे। नकली नोट ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों और बुजुर्ग दुकानदारों के पास चलाते थे। दुकानदार को 500 का नोट देकर 100 या 150 रुपये का सामान लेते थे।

कुमाऊं मंडल विकास निगम 3 से 4 दिन में कर सकता है घोषणा, निजी हेलीकॉप्टर संचालक करायेंगे हवाई यात्रा

# भक्तों के लिए जल्द शुरू होगी आदि कैलाश की यात्रा

गौरव जोशी, नैनीताल



**अमृत विचार:** आदि कैलाश की यात्रा पर जाने वाले भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही कुमाऊं मंडल विकास निगम आदि कैलाश की यात्रा शुरू करने जा रहा है। पिथौरागढ़ के ओल्ड लिपुलेख की पहाड़ियों से हेलीकॉप्टर से अगले सप्ताह से कैलाश पर्वत के दर्शन शुरू हो जाएंगे। इसकी घोषणा 3 से 4 दिन में हो सकती है।

पिथौरागढ़ से शुरू होने वाली इस यात्रा का खर्च 75 हजार रुपये होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार हवाई यात्रा के दौरान चीन आधिपत्य वाले तिब्बत में स्थित कैलाश पर्वत के भी दर्शन हो सकते हैं। कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी विनीत तोमर ने बताया कि हेली यात्रा निजी संस्था की ओर से कराई जायेगी। यात्रा कार्यक्रम के आधार पर सुबह 6 बजे से हेलीकॉप्टर की उड़ान होगी। दोपहर 2 बजे तक सभी श्रद्धालुओं को लिपुलेख से गुंजी लाया जाएगा। इसके बाद आदि कैलाश आने वाले भक्तों को स्थानीय गाइडों की ओर से दो दिन भ्रमण कराया जाएगा। आदि कैलाश के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को वापस लिपुलेख छोड़ दिया जाएगा।

### 75 हजार रुपये प्रति व्यक्ति खर्च प्रस्तावित

आदि कैलाश के दर्शन के लिए आने वाले प्रत्येक भक्त को करीब 75 हजार रुपये का खर्च उठाना पड़ेगा। इसमें हेलीकॉप्टर, जीप का किराया, रुकना, खाना समेत सभी सुविधाएं शामिल हैं। यात्रा को लेकर गुंजी गांव के सभी होम स्टे बुक कर लिए गये हैं। प्रत्येक यात्री को धारचूला में स्वास्थ्य जांच करानी होगी। यहां से यात्रियों को परमिट जारी किया जायेगा। पहले दिन यात्री हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ से गुंजी गांव पहुंचेंगे। अगले दिन कार से आदि कैलाश के दर्शन के लिए जॉलिंगकॉन्ग पहुंचेंगे और शाम को गुंजी लौटकर रात बितायेंगे। तीसरे दिन आदि कैलाश व्यू पॉइंट जाकर लौटेंगे।

### 15 सितंबर से सड़क मार्ग से शुरू होनी थी यात्रा

पूर्व में आदि कैलाश की यात्रा सड़क मार्ग से 15 सितंबर से शुरू होनी थी, लेकिन दो सप्ताह पहले हुई भारी बारिश से बूंदी गांव के आगे कई सड़कें बुरी तरह खराब हो गई हैं। इसलिए हेलीकॉप्टर से यात्रा शुरू की जा रही है। तीन से चार दिन में कैलाश दर्शन की तिथि का ऐलान हो जाएगा।

# जमरानी बांध के प्रभावितों को सोमवार से मिलेगा मुआवजा

- हैड़ाखान स्थित वन विश्राम गृह में तमाम विभागीय अधिकारी करेंगे प्रभावितों का सत्यापन
- 2021.99 करोड़ रुपये की लागत से जमरानी बांध परियोजना का होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जमरानी बांध परियोजना का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। इससे पहले प्रभावितों को मुआवजा देने की तैयारी है। सोमवार 23 सितम्बर से अधिकारी हैड़ाखान स्थित वन विश्राम गृह में डेरा जमा लेंगे।

परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत ने बताया कि छह गांव के 1,267 लोगों को 489 करोड़ रुपये का मुआवजा बांटा जाना है। सोमवार से हैड़ाखान स्थित वन विश्राम गृह में सम्बंधित विभाग के अधिकारी कई दिनों तक चलने वाले इस कैम्प में मुआवजाधारक का मौके पर अंतिम सत्यापन करेंगे। जिसके बाद मुआवजा राशि सीधे प्रभावितों के बैंक खाते में ट्रांसफर होनी शुरू हो जाएगी।

गौरतलब है कि 49 साल के लंबे इंतजार के बाद जमरानी बांध परियोजना अब धरातल पर उतरेगी। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड 2021.99 करोड़ रुपये की लागत से जमरानी बांध परियोजना का निर्माण करेगी। मानसून सीजन के बाद बांध का निर्माण शुरू हो जाएगा। जमरानी बांध परियोजना से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की लाखों की आबादी की जहां पेयजल की जरूरतें पूरी होंगी। वहीं खेती के बड़े रकबे की सिंचाई भी होगी। बिजली उत्पादन से लेकर मछली पालन और वाटर स्पोर्ट्स के जरिये भी सरकार को राजस्व मिलेगा। सिंचाई विभाग ने जमरानी बांध का पानी यूपी के बरेली और रामपुर जिले तक पहुंचाने के लिए कागजी कवायद पूरी कर ली है। बस धरातल पर काम होने का इंतजार है।

## सार-संक्षेप

### सेतु आयोग के उपाध्यक्ष की समीक्षा बैठक कल

**भीमताल :** सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी की अध्यक्षता में 21 सितंबर को सुबह 11 बजे भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में बैठक की जाएगी। सीडीओ अशोक पांडेय ने बताया कि इसमें सरकारी विभागों की कार्ययोजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं, विशेष प्रोजेक्ट, विकास योजनाओं की समीक्षा, एसडीजी समीक्षा, चुनौतियों एवं नवाचार के संबंध, जिले की आर्थिक एवं विकास के लिए दृष्टिकोण/ नये विचार–सुझाव पर मंथन होगा। इसके बाद राजशेखर जोशी जिले की योजनाओं का भौतिक निरीक्षण भी करेंगे।

### युवक की फर्जी आईडी बनाकर लोगों से मांगें पैसे

**नैनीताल :** स्टोनले क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्टोनले कंपाउंड निवासी पंकज रौतेला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि इंस्टाग्राम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्जी आईडी बनाई है। फर्जी आईडी से उसके परिचितों से पैसों की मांग की जा रही है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है।

### डॉ. बीपी जोशी विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल



डॉ. बीपी जोशी।

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बीपी जोशी को वर्ष 2024 के लिए विश्व के शीर्ष 2 फीसदी शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए ने एल्सेवियर–स्कोपस के सहयोग से जारी सूची में दिया है। डॉ. जोशी के शोधकार्य और शैक्षिक योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय कर्मियों और सहयोगियों ने बधाई दी है। यूनिवर्सिटी के कुलपति ने कहा कि यह न केवल डॉ. जोशी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विश्वविद्यालय के उच्च शैक्षिक मानकों और अनुसंधान में योगदान को भी दर्शाता है।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल :** युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को नैनीताल जिला न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने बताया शिकायतकर्ता टीकम सिंह ने 17 जून को मुक्तेश्वर थाने में बहादुर सिंह, योगेश सिंह, माया देवी, राम सिंह, सरस्वती देवी, पंकज सिंह और राजेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र देकर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि संपत्ति विवाद को लेकर सभी लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया। जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी पंकज सिंह और राजेंद्र सिंह को हिरासत में लिया। जिसके बाद से आरोपी जेल में बंद है। गुरुवार को मामले में सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध किया। गवाहों के बयान सुनने के बाद जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार की कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

### मुफ्ती मोहम्मद अजमल बने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष



मोहम्मद अजमल।

**नैनीताल :** जमीयत उलेमा–ए–हिंद की नैनीताल शहर की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। जिसमें शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद अजमल को नगर अध्यक्ष व तल्लीताल मस्जिद के इमाम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महासचिव पद पर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद फैजान व सचिव पद पर मसूद को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष जमाल को चुना गया। कार्यकारिणी का गठन जामा मस्जिद नैनीताल में संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष मौलाना मोहम्मद मुकीम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान जिला महासचिव मौलाना मोहम्मद कासिम, नगर अध्यक्ष हल्द्वानी मौलाना मोहम्मद सलमान मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष पर हुआ जानलेवा हमला

**भीमताल :** सलड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष सिंह के ऊपर गुरुवार की शाम कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में आशीष ने कहा कि उनके रेस्टोरेंट के पास एक व्यक्ति होटल चलाता है। वह अचानक कुछ व्यक्तियों के साथ सलड़ी स्थित त्रिदेव रेस्टोरेंट में घुस आया और उनपर हमला कर दिया। घटना रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने आरोपियों से जानमाल का खतरा भी बताया।

# नैनीताल से कैंचीधाम तक विकसित होगा ट्रैकिंग रूट

## डीएम ने पैदल मार्ग को विकसित करने के लिए जारी किए 22 लाख

संवाददाता, हल्द्वानी/भवाली



इस रूट को ट्रैकिंग रूट में विकसित करेगा पर्यटन विभाग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पर्यटन विभाग नैनीताल से भवाली कैंचीधाम तक पैदल मार्ग को ट्रैकिंग रूट के तौर पर विकसित करेगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए 22 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं, जल्द ही कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईएस) काम शुरू करेगा।

पर्यटन विभाग के अनुसार, नैनीताल में बिड़ला चुंगी से भवाली के गांव को जोड़ने वाला और नाचक गांव से होते हुए कैंची धाम तक जाने वाले पैदल मार्ग है। लगभग 15 किमी लंबा यह पैदल मार्ग वर्षों पुराना मार्ग है। पिछले एक दशक में रखरखाव नहीं और बारिश-आपदा से यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। इधर, नैनीताल से भवाली कैंचीधाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। नैनीताल से कैंचीधाम तक जाने के लिए सिर्फ मोटर मार्ग है, लेकिन ट्रैकिंग रूट नहीं है। क्षेत्रवासियों लंबे समय से ट्रैकिंग रूट बनाने की मांग कर रहे थे, इस पर डीएम वंदना सिंह ने इस मार्ग को ट्रैकिंग रूट में विकसित करने के लिए 22 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।

इस ट्रैक बनने से ट्रैकिंग करने वाले पर्यटक नैनीताल से कैंचीधाम तक पैदल जा सकेंगे। जल्द ही कार्यदायी संस्था आरईएस इस पर काम शुरू कर देगी। वहीं, आपदा में मोटर मार्ग बाधित होने पर कैंचीधाम से नैनीताल के लिए वैकल्पिक मार्ग भी मिलेगा।

भवाली के निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा ने बताया कि नैनीताल बिड़ला चुंगी से कैंचीधाम तक ट्रैकिंग रूट विकसित होने से पर्यटन को नए विकल्प विकसित होंगे खासकर ट्रैकिंग के शौकीन पर्यटकों के लिए। इससे रूट के किनारे पड़ने वाले गांवों के लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

## 11वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता की तैयारी पूरी

**नैनीताल :** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में होने जा रही 11वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रतियोगिता 22 सितंबर को गोवर्धन हाल में होगी।

जिसमें बिरडा विद्या मंदिर, सनवाल पब्लिक स्कूल, सेंट जोजफ स्कूल, ऑल सेंट स्कूल, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, सेंट मेरी स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा, वुड ब्रिज स्कूल भीमताल, दीक्षांत स्कूल हल्द्वानी, आरएएन रुद्रपुर, सेंट थेरेसा स्कूल हल्द्वानी, जायसिज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर, क्रेंदीय विद्यालय, डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल, डीपीएस, क्वींस, स्कॉलर एकेडमी, निर्मला कॉन्वेंट, इंस्प्रेशन स्कूल, यूनिवर्सल स्कूल, पेस पब्लिक स्कूल, विजन वैली काशीपुर, समर स्टडी हाल काशीपुर, द आनदा एकेडमी, बीबीवीएम हल्द्वानी और लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल की टीमें भाग लेंगी। अब तक 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने आवेदन कर दिया है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए दिव्यांशु तिवारी, नीरज साह, शेर सिंह बिष्ट, धीरेन्द्र बिष्ट, डीके जोशी, अमित कुमार, ईश्वर तिवारी जुटे हैं।

# पहले मंदिर में दंडवत प्रणाम, फिर की चोरी

**घटना**

- कोसी बैराज के पास बालाजी महाराज मंदिर में हुई घटना
- पीतल की मूर्ति, तांबे का लोटा व घंटी पर हाथ साफ किया

संवाददाता, रामनगर



सीसीटीवी में कैद मंदिर से सामान ले जाने वाला चोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोसी बैराज के पास स्थित एक मंदिर में चोर ने पहले दंडवत प्रणाम किया, उसके बाद मंदिर में रखी पीतल की मूर्ति, घंटी और लोटे पर हाथ साफ कर चलता बना। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

यहां कोसी बैराज के पास अशोक गुप्ता के टी स्टाल के समीप बालाजी मंदिर है। बताया जाता है कि बीती रात एक चोर ने पहले मंदिर में भगवान को दंडवत प्रणाम किया और उसके बाद मंदिर के अंदर रखी राम दरबार की पीतल की मूर्ति, तांबे का लोटा और घंटी पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह जब अशोक गुप्ता मंदिर में पूजा करने लिए पहुंचे तो मंदिर से मूर्ति गायब देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो एक चोर चोरी करता हुआ नजर आया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। अशोक गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में नशे के आदि हो चुके युवा चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

इधर, रामनगर में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। पुलिस आये दिन चोरी की घटनाओं में लिप्त लोगों को पकड़ रही है, इसके बावजूद घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर व आसपास के क्षेत्रों में हो रही चोरी की इन वारदातों से लोगों में डर का माहौल है।

## राहत : होटल स्वामियों को जमा करना होगा 10 प्रतिशत जुर्माना

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल में सीवरेज के पानी को नालों में डाले जाने पर एनजीटी की ओर से होटलों को दिए गए शॉर्ट नोटिस के बाद लगाए गए जुर्माने को लेकर दायर विशेष याचिका सुनवाई करते हुए कोर्ट की खंडपीठ ने होटल स्वामियों को राहत देते हुए जुर्माने की 10 प्रतिशत राशि जमा करने निर्देश दिए है।

कोर्ट ने अधिवक्ता प्रदीप लोहनी को एमएस क्यूरी नियुक्त कर नैनीझील के पानी की गुणवत्ता की जांच करने के साथ ही झील के सरंक्षण के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक उपायों से कोर्ट को अवगत कराने के निर्देश दिए है। मामले के अनुसार नैनीताल स्थित कोहिनूर होटल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि एनजीटी ने कुछ होटल स्वामियों पर सीवरेज का पानी नाले में डाले जाने को लेकर उनपर भारी भरकम जुर्माना लगाया है जबकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी जांच रिपोर्ट में माना है उनके सीवरेज के कनेक्शन सीवर लाइन से जुड़े हुए है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्हें सीवर कनेक्शन लेने के लिए सिर्फ 3 दिन का ही समय दिया गया। इसके बाद उन्होंने सीवर कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया गया। याचिका में कहा गया है कि आवेदन को स्वीकार करते हुए उन्हें राहत दी जानी चाहिए।

# बारिश के बाद लबालब हुई सूखाताल झील

- किलबरी रोड से झील को निहारने के लिए उमड़ रही पर्यटकों की भीड़

संवाददाता, नैनीताल



बारिश के बाद सूखाताल झील में भरा लबालब पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश से नगर के प्राकृतिक जल स्रोत खुल गये हैं। जिसके चलते सूखाताल झील पानी से लबालब भर गई है। बारिश के बाद भरी सूखाताल झील पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

सूखाताल झील अकसर बरसात के दौरान भर जाती है। यह नैनी झील की सहायक झील के रूप में कार्य करती है, लेकिन पिछले कुछ समय से झील पानी से लबालब नहीं भर पा रही थी। वर्तमान में झील अपने पुराने स्वरूप में दिखाई दे रही है। बीते दिनों हुई भारी बारिश से झील पानी से लबालब हो गई है। जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। वहीं यह झील पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। किलवरी रोड से झील को निहारने के लिए पर्यटकों का रोजाना जमावड़ा लग रहा है। हालांकि क्षेत्र का कूड़ा झील में जाने से वहां गंदगी भी फैल रही है। पालिका प्रशासक/एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि जल्द क्षेत्र का निरीक्षण कर झील की सफाई कराई जाएगी। साथ ही लोगों से झील के आसपास कूड़ा नहीं फेंकने की अपील की जाएगी, ताकि झील साफ रहे और लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहे।

**नई पहल** ब्लॉक रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में महिलाएं करेंगी पात्रों का अभिनय, तीन अक्टूबर से शुरू होगा मंचन

# हल्द्वानी में पहली बार रंगमंच की तर्ज पर होगा रामलीला का मंचन

रजनी मेहता, हल्द्वानी



ब्लॉक में होने वाली रामलीला के लिए तालीम लेते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में पहली बार रंगमंच की तर्ज पर रामलीला का आयोजन होने जा रहा है।

खास बात यह है कि इस रामलीला में महिला पात्रों का किरदार स्वयं महिलाएं निभायेंगी। जबकि पुरुष पात्रों का किरदार पुरुष ही अदा करेंगे। इसके लिए ब्लॉक रामलीला कमेटी की ओर से प्रतिभागियों को तालीम दी जा रही है। तीन अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा।

करीब 13 साल पहले शुरू हुई रामलीला में महिलाओं को प्रतिभाग करने का मौका देने तथा इसे रंगमंच की तरह लोगों के बीच प्रस्तुत करने के लिए ब्लॉक रामलीला कमेटी लगातार प्रयासरत है। इसके लिए महिलाएं, बच्चे और पुरुष पात्र अभ्यास में जुटे हुए हैं। आयोजकों के अनुसार इस रामलीला में पुरुषों के साथ महिलाओं को भी अभिनय का मौका देना और दोनों की बराबर की हिस्सेदारी को दिखाना है। इससे मंचन में रोचकता और प्रदर्शन बेहतर होने का अनुमान है। आयोजकों के अनुसार रामलीला में पुरुष कलाकारों के लिए महिला पात्र का अभिनय करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। पुरुष कलाकार को महिला किरदार निभाने के दौरान हावभाव के साथ भाव भंगिमाओं में पूर्ण रूप से जुड़ना पड़ता है। ऐसे में कई बार पुरुष कलाकारों को भी चुनौतियों से जूझना पड़ता है।

### पूर्व सैनिकों को भी मिलेगा मौका

ब्लॉक में आयोजित होने वाली रामलीला में इस बार पूर्व सैनिकों को भी अभिनय श्रृंखला में जोड़ा जा रहा है। रामलीला में पूर्व सैनिक त्रिलोक सिंह पड़लिया रावण और रविंद्र सिंह की भूमिका में नजर आयेंगे।

### महिला रामलीला की पात्र भी करेंगी अभिनय

शहर में महिला रामलीला में प्रतिभाग करने वाली दो महिलाएं भी ब्लॉक की रामलीला में प्रतिभाग करेंगी। पुनर्नवा महिला समिति की ओर से आयोजित महिला रामलीला में हनुमान की भूमिका निभाने वालीं गुलमोहर गर्ल तनुजा जोशी शबरी बनेंगी, जबकि सूर्पनखा का किरदार एडवोकेट पूजा लटवाल निभायेंगी।

> रंगमंच की तर्ज पर रामलीला का मंचन कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुरुष और महिला पात्रों को तालीम दी जा रही है। रामलीला में हर पात्र का अभिनय खास होगा। कलाकार हर रोज शाम 7 बजे से साढ़े 9 बजे तक तालीम में पहुंच रहे हैं।
> – **मुकेश जोशी**, संस्थापक ब्लॉक रामलीला कमेटी

## विभिन्न कॉलोनियों में कराई फॉगिंग

**लालकुआं :** एसडीएम तुषार सैनी के निर्देश पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग और सेंचुरी पेपर मिल के कर्मचारियों ने संजय नगर, बजरी कंपनी, राजीव नगर, बंगाली कॉलोनी आदि क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया। साथ ही फॉगिंग भी कराई। जिला मलेरिया अधिकारी जयप्रकाश कश्यप और सेंचुरी पेपर मिल के प्रशासनिक अधिकारी भारत पांडे के नेतृत्व में बरसात के दौरान डेंगू एवं मलेरिया फैलने की आशंका को देखते हुए कॉलोनियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। इस अवसर पर रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह, मलेरिया निरीक्षक एस सुलेमान, गिरीश त्रिपाठी, राम अवतार, नवीन चंद्र जोशी, करन आर्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सदस्यता अभियान चलाया

**भीमताल, अमृत विचार :** मंडल के शक्ति केंद्र प्रथम के अंतर्गत रामलीला मैदान मल्लीताल में स्टाल लगाकर शक्ति केंद्र संयोजक शरद पांडे व शक्ति केंद्र सदस्यता सहयोगी मनोज भट्ट के नेतृत्व में सदस्यता अभियान में चलाया गया। इस दौरान महेश खुल्वे, प्रदीप पाठक, पंकज जोशी, कमलेश रावत, योगेश तिवारी, धन सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

31.0° अधिकतम तापमान | 24.5° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.59 | सूर्यास्त 18.11

# अब टेंपो चालकों को पहननी होगी वर्दी और आईकार्ड

## बेटियों के सुझावों पर जिला प्रशासन ने तैयार की एसओपी, डीएम वंदना सिंह ने एसओपी पालन कराने के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने बेटियों की सुरक्षा के लिए कवायद शुरू कर दी है। स्कूल-कॉलेज में छात्राओं के आने-जाने के समय व अंधेरे में पुलिस गश्त, शोहदों के खिलाफ अभियान के बाद अब टेंपो चालकों के लिए एसओपी जारी की गई है। यह एसओपी छात्राओं के बताए सुझावों के आधार पर तैयार की गई है।

डीएम वंदना सिंह की ओर से टेंपो चालकों के लिए पांच सूत्रीय एसओपी जारी की है। इसमें पहले चरण में काठगोदाम-फतेहपुर-पंचायत घर-लालकुआं की परिधि के अंतर्गत आने वाले टेंपो चालकों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में सिटी मजिस्ट्रेट/संबंधित एसडीएम अध्यक्ष, एआरटीओ प्रवर्तन सचिव, संबंधित सीओ, संभागीय निरीक्षक सदस्य होंगे। यह समिति वाहन स्वामी एवं चालक और वाहन का सत्यापन करेगी। समिति की ओर से सत्यापन में टेंपो यूनियन के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसके अलावा टेंपो चालकों को एक परिचय पत्र पहनना होगा। इस परिचय पत्र में चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, लाइसेंस नंबर, वाहन की श्रेणी, पुलिस सत्यापन की संख्या, वैधता तिथि होगी जिसमें पुलिस व लाइसेंसिंग अधिकारी के साइन होंगे। इसके अलावा चालक खाकी पैंट-कमीज, चार पॉकेट फ्लैप वाला कोट पहनेंगे। यह टेंपो चालकों की भी जिम्मेदारी होगी कि वाहन में बैठे यात्रियों खासकर महिला व बुजुर्ग यात्रियों के साथ सभ्य व्यवहार होना चाहिए।



कार्यशाला को संबोधित करतीं अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

**05** सूत्रीय एसओपी जारी की | **04** सदस्यीय समिति गठित एसओपी के पालन को

### टेंपो में भी करने होंगे ये सुधार

1. प्रथम पंक्ति में चालक एवं यात्री बीच फिक्स रॉड होनी चाहिए, सिर्फ बाईं तरफ से ही यात्री प्रवेश व निकासी करेंगे।
2. चालक की सीट के पास टूल बॉक्स के ऊपर एवं चालक की सीट की पीछे कोई अतिरिक्त या फोल्डिंग सीट नहीं लगाई जाएगी
3. वाहन के पीछे बाईं ओर बड़े अक्षरों में वाहन स्वामी का नाम, मोबाइल नंबर, परमिट एवं फिटनेस की वैधता लिखनी होगी
4. वाहन के भीतर व बाहर बड़े स्पष्ट अक्षरों में इमरजेंसी नंबर 112, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100, एंबुलेंस 108 और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 लिखवाना जरूरी होगा

### एसओपी का पालन कराने का जिम्मा एआरटीओ का होगा

डीएम वंदना सिंह ने एसओपी का सख्ती से पालन कराने के लिए भी समिति पर जिम्मेदारी सौंपी है। एआरटीओ प्रवर्तन स्वयं इसकी निगरानी करेंगे। यह समिति रोस्टर तैयार कर सप्ताह में न्यूनतम दो बार वाहनों का औचक निरीक्षण करेगी और एसओपी के मानकों की जांच करेगी। यह जांच स्कूल में छात्राओं की छुट्टी होने पर की जाएगी। समिति को हर सप्ताह इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपनी होगी।



# मॉल के पीछे आम के बाग में शोहदे करते हैं छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**खुलासा**
- निजी स्कूल की छात्राओं ने प्रशासन-पुलिस को बताए असुरक्षित स्थान, ड्रग्स-शराब के अड्डे

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की संवेदीकरण कार्यशाला में छात्राओं ने पुलिस-प्रशासन को कमलुवागांजा में एक मॉल के पीछे आम के बगीचे समेत कई असुरक्षित स्थान बताए हैं। साथ ही कई ऐसे स्थान भी बताएं जहां से ड्रग्स व शराब का अवैध कारोबार संचालित होता है।

पुलिस, प्रशासन, महिला बाल विकास विभाग की ओर से गुरुवार को डीएवी सेंटनरी स्कूल में बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला की गई। इसमें अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह ने बालिकाओं से बातचीत की और ऐसे स्थानों के बारे में जाना जहां वे असुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि इसका मकसद बेटियों को कहीं भी कभी भी बिना डरे आवाजाही और असुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर असामाजिक तत्वों को सबक सिखाना है। इस पर छात्राओं ने बताया कि कमलुवागांजा में रिलायंस मॉल (लैंडमार्क) के पीछे आम के बगीचे में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है जो देर सायं तक शराब व ड्रग्स का नशा करते हैं फिर आते-जाते लड़कियों से छेड़खानी करते हैं। इसके अलावा इकोटाउन और पलैजियो कॉलोनियों के आसपास, हिम्मतपुर मल्ला, हरिनगर, दयाल विहार, कुसुमखेड़ा, त्रिमूर्ति चौराहे के आसपास गलियों में, आरके टेंट हाउस रोड, जगदम्बा नगर पार्क आदि में शोहदे बेटियों को परेशान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टेंपो वाले भी जानबूझ कर सुनसान रास्तों से लेकर जाते हैं। फिर शोहदे गलत हरकतें करते हैं। स्कूल के बाहर भी बिना नंबर की काले रंग की गाड़ियों से लड़के कमेंट्स करते हैं। इस पर जिला प्रोबेशन कर्मी तबस्सुम ने हेल्पलाइन नंबर बताते हुए कहा कि असहज महसूस होने पर शिकायत करें त्वरित कार्रवाई होगी।

**एक नजर**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौकी के पास बरेली रोड पर बुधवार रात एक तेज रफ्तार वाहन ने पैदल चल रहे युवक को कुचल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता घटना स्थल पर पहुंचे और युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव की तलाशी लेने पर युवक पहचान संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को मॉर्चरी भेजा है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि युवक की शिनाख्त के प्रयास व उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। अगर पहचान नहीं होती है तो तीन दिन बाद पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर पर ठगी के एक और मुकदमे की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**जालसाजी**
- लखनऊ का एक व्यापारी पहले ही दर्ज करा चुका है मुकदमा
- हल्द्वानी के व्यापारी ने लगाया सात लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**अमृत विचार :** पूर्व राष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर लखनऊ के कारोबारी नीरज कुमार शुक्ला पहले ही हल्द्वानी कोतवाली में ठगी का मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। अब इस मामले में हल्द्वानी के एक व्यापारी ने तहरीर देते हुए करीब सात लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़ित व्यापारी ने एसएसपी को लिखित शिकायत दी है।

मंगलपड़ाव निवासी जसविंदर सिंह भसीन श्री गुरुनानक इन्टरप्राइजेज के मालिक हैं। उन्होंने नैचुरन्स हर्बल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक मनोज प्रभाकर, उनके बेटे रोहन प्रभाकर और सेल्स हेड किरन पर ठगी का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायत सौंपी है। जसविंदर का कहना है कि वह हल्द्वानी से पूरे कुमाऊं में सुपर स्टॉकिस्ट का काम करते हैं। नैचुरन्स हर्बल्स कंपनी के मालिक व अन्य आरोपियों ने जसविंदर को ढाई लाख रुपये लेकर डिस्ट्रीब्यूटर बनाया और ब्लैंक चेक लेकर स्टॉक बतौर उधार दिया। कंपनी जसविंदर को माल भेजती रही है और वह डिस्ट्रीब्यूटरों को आगे सप्लाई करते रहे। अचानक कंपनी मालिक ने कंपनी और व्यापार बंद कर दिया। कंपनी से नया माल मिला नहीं और पुराने माल के साथ रुपया भी बाजार में फंस गया। मार्केटिंग हेड किरन ने वितरकों से रुपया अपने कर्मचारियों के जरिये से धोखे लेकर हड़प लिए। जिसके बाद जसविंदर लगातार अपने रुपयों की मांग करते रहे, लेकिन न रुपये दिए और न ही चेक वापस किए। उन्हें शक है कि कंपनी उनके ब्लैंक चेक का दुरुपयोग कर सकती है। सीओ नितिन लोहनी का कहना है कि मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। आगे जिस तरह के साक्ष्य आएंगे, उस अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टनकपुर रोड के सर्वे को पहुंची जीबी पंत विवि की टीम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौला नदी में आए जलबहाव की वजह से गौलापुल की एप्रोच सड़क को नुकसान पहुंचा है तो वहीं रेलवे क्रासिंग से पुल तक जाने वाली लोनिवि की टनकपुर रोड भी नदी में बह गई है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर की टीम ने आकर लोनिवि के साथ सड़क को बचाने के लिए सर्वे किया है, जिसकी रिपोर्ट लोनिवि को शीघ्र दी जाएगी। इसके बाद सड़क का ट्रीटमेंट शुरू होगा।

लोनिवि और जीबी पंत विश्वविद्यालय की टीम ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। लोनिवि अधिकारियों ने बताया कि टीम ने सड़क पर बन रहे खतरे की भी जांच की और साथ ही देखा कि जल बहाव की वजह से सड़क को कहां-कहां नुकसान हुआ है। जल्द ही विवि की तकनीकी विशेषज्ञों की टीम रिपोर्ट बनाकर सौंपेंगी। इसके बाद सड़क की मरम्मत व बची हुई सड़क को टूटने से बचाने के लिए काम किया जाएगा। जिससे सड़क को मजबूती मिले और भविष्य में भी सड़क को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस सड़क पर आवाजाही को बंद करवा दिया गया है। सड़क के नीचे से कई जगह जमीन खिसक गई है। कई जगह का सड़क का फुटपाथ पूरी तरह से बह गया है।

लोनिवि एई निखिल कनौजिया ने बताया कि सर्वे में हर बिंदु का ध्यान रखा गया है और टीम को सभी जानकारी उपलब्ध कराई गई है।



गौला पुल की एप्रोच रोड का निरीक्षण करती तकनीकी टीम। ● अमृत विचार

### एप्रोच रोड में आई दरार

गौलापुल को ठीक करने में अभी समय लगेगा। अनुमान है कि पुल को 20 अक्टूबर तक आवाजाही के लिए खोला जाएगा लेकिन दिक्कत यह है कि एप्रोच रोड में गुरुवार को एक दरार दिखने लगी है। एप्रोच सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से बह चुका है। इधर एनएचएआई के परियोजना निदेशक विकास मित्तल ने बताया कि पुल पर आवाजाही को शुरू करने के शीघ्र प्रयास किए जाएंगे। आईआईटी रुड़की की टीम पुल का निरीक्षण कर चुकी है और वह नये सिरे से पुल की सुरक्षा के लिए एक रिपोर्ट देगी।



कालाढूंगी रोड स्थित दुकान में आग लगने से सामान नष्ट हो गया। ● अमृत विचार

### खाद-बीज की दुकान में लगी आग

**हल्द्वानी :** आधी रात एक खाद-बीज की दुकान में आग लग गई। सही समय पर सूचना के बाद आनन-फानन में मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया और बड़ा नुकसान होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक कालूसिद्ध मंदिर के पास मॉर्डन कृषि सेवा केंद्र है। बुधवार रात करीब ढाई बजे रसायनिक प्रक्रिया के चलते बंद दुकान के अंदर आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख आसपास मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। कोतवाली की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची। एफएसओ एमपी सिंह और लीड फायरमैन प्रकाश मेर की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही आग फैलने से पहले बुझा ली गई। दुकान में ब्लीचिंग पाउडर, यूरिया, केमिकल्स व अन्य रसायनिक दवाइयां थीं। आग फैलने पर वायु में रसायनिक तत्वों के घुलने से बड़ा हादसा हो सकता था।

### डीएम का जनसमस्या समाधान शिविर आज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से जन संवाद एवं जन समस्या समाधान शिविर आज आयोजित किया जाएगा। मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रामपुर रोड स्थित एचएन इंटर कॉलेज में नगर निगम के वार्ड संख्या 20 से 30 तक की जनता की समस्याओं के समाधान व संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, दाखिल खारिज के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, खतौनी की सत्यापित प्रति, आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे। चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, गर्भवती महिलाओं एवं लोगों के चेकअप भी किया जाएगा।

# हल्द्वानी के विकास कार्यों में डीएम कर रहीं भेदभाव : सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी

**आरोप**
- हल्द्वानी विधायक सुमित ने नैनीताल डीएम वंदना सिंह को पत्र भेजकर जताई नाराजगी



**अमृत विचार:** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने डीएम वंदना सिंह पर विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा सीट हल्द्वानी में विकास कार्यों को लेकर डीएम वंदना सिंह भेदभाव कर रहीं हैं। वह इस मामले को प्रमुखता से सदन में उठाएंगे।

विधायक सुमित ने गुरुवार को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि हल्द्वानी में विकास के लिए जिला खनन न्यास निधि से कार्यों के प्रस्ताव जिलाधिकारी कार्यालय भेजे गये थे लेकिन अभी तक इस पर कोई स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने आक्रोशित स्वर में कहा कि हल्द्वानी में अति आवश्यक विकास कार्यों में भेदभादव करने का रवैया ठीक नहीं है। वहीं मीडिया को जारी बयान में सुमित ने कहा कि हल्द्वानी के विकास कार्यों को लेकर जिला प्रशासन लगातार अनदेखी और भेदभाव कर रहा है। हल्द्वानी में तोड़-फोड़ तो लगातार की जा रही है, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए जो बड़ी और महत्वपूर्ण योजनाएं थीं, उन्हें रोक दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हल्द्वानी के विकास को जानबूझकर पीछे धकेला जा रहा है। वह शांत नहीं रहेंगे और इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे। प्रशासन को विकास कार्यों में विधानसभा क्षेत्र देखकर भेदभाव नहीं करना चाहिए। आपदा से प्रभावित हल्द्वानी को इस समय प्रशासन के भेदभाव पूर्ण रवैये की नहीं बल्कि सहयोग की जरूरत है ताकि यहां की जनता को जरूरी सुविधाएं मिल सकें।

# विदाई नहीं लेकिन अब कमजोर पड़ेगा मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राज्य से अभी मानसून की विदाई नहीं हुई है, माह के अंत तक भी मानसून सक्रिय होने के आसार हैं हालांकि अब बारिश कम होगी।

जून माह के अंत में सक्रिय हुआ मानसून अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 22 सितंबर तक उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश न होने का अलर्ट है। 23 सितंबर के बाद मानसून फिर से सक्रिय हो सकता है लेकिन हल्की से मध्यम बारिश ही होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि भारत में मानसून की विदाई सबसे पहले राजस्थान होती है। उसके एक सप्ताह उत्तराखंड से मानसून लौटने लगता है लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। साथ ही राज्य में अभी मानसून की बारिश के आसार हैं हां मानसून कमजोर जरूर पड़ा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून के कमजोर होने की वजह से अगले एक सप्ताह तक दिन के समय तापमान में उछाल आ सकता है। हल्द्वानी में विगत दिनों अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा था जो अगले तीन से चार दिनों में 35 डिग्री तक जा सकता है। गुरुवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया।

**आपदा का दंश** पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि में गौला नदी में लगे एक हजार सीमांकन पिलर्स, खनन गेटों पर रैंप व रास्ते बह गए

# बेल्चों की खन-खन से पहले खर्च करने होंगे एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन विभाग को गौला नदी में खनन शुरू कराने से पहले तैयारियों में एक करोड़ से अधिक का खर्च करना होगा। तब जाकर नदी में फावड़े बेल्चे की खन खन शुरू हो पाएगी।

वन अधिकारियों के अनुसार, बीते गुरुवार-शुक्रवार को जिले में हुई झमाझम बारिश से गौला नदी उफान पर आ गई थी। नदी में जल स्तर 75 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया था। नदी ने अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, गौला पुल व हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर जबरन भूकटाव किया। वहीं, वन विभाग को भी खासा नुकसान पहुंचाया है।

गौला नदी में खनन के सीमांकन के लिए लगाए गए एक हजार से अधिक पिलर्स, नदी में वाहनों के चलने के लिए 100 से अधिक रास्ते, उपखनिज निकासी गेट से नदी तक जाने के लिए 35 से 40 रैंप वगैरह नदी के तेज बहाव में बह गए। जबकि इनके बिना नदी में खनन कर पाना संभव नहीं है। अब खनन सत्र 1 अक्टूबर को नजदीक आ गया है, ऐसे में वन विभाग खासा परेशान है। वन विभाग ने सीमांकन पिलर्स लगाने व रास्ते बनाने के लिए एक करोड़ से अधिक का प्रस्ताव बनाया है। बजट मिलने के बाद काम किया जाएगा। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि में गौला नदी में लगे सीमांकन पिलर्स, रैंप-रास्ते सभी बह गए हैं। इनको फिर से बनाने के लिए एक करोड़ से अधिक का खर्च होगा, इसका प्रस्ताव बनाया जा रहा है। अभी नदी में पानी है, जब पानी कम होगा तभी काम शुरू होगा।



एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते डंपर एसोसिएशन के सदस्य। ● अमृत विचार

### ओवरलोडिंग के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** डंपर एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्यक्ष मनोज मठपाल के नेतृत्व में डंपर स्वामियों ने गुरुवार को एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि गौला व नंधौर नदियों में खनन वाहनों में अधिकतम 108 क्विंटल उपखिनज निकासी का प्रावधान है इसको लेकर हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया है लेकिन वन विकास निगम व खनन समिति ने पिछले खनन सत्र में इसको 125 क्विंटल कर दिया है। ओवरलोडिंग से सड़क हादसे का खतरा बना रहता है। स्टोन क्रशर्स स्वामी ने रेट भी कम कर दिया है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने खनन निकासी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जिससे अवैध खनन पर रोक लगे। इस दौरान कमल तिवारी, पूरन पाठक, रविंद्र जग्गी, संजय कुमार, कौस्तुभ भट्ट, सुधीर कुमार रहे।

# नकली सोना देकर लिया लोन, बैंक के सुनार ने ग्राहक से मिलकर रचा षड्यंत्र

**धोखाधड़ी**
- बैंक के मैनेजर ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा
- बैंक के दूसरे अधिकृत सुनार से कराई जांच तो खुला मामला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गोल्ड लोन लेने वालों के साथ मिलकर बैंक के अधिकृत सुनार ने बैंक को ही चूना लगा दिया। तीन अलग-अलग लोगों ने नकली सोना देकर बैंक से लोन लिया और फरार हो गए। इस मामले में बैंक मैनेजर ने पुलिस को तहरीर दी हालांकि मुकदमा कोर्ट के आदेश पर हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुखानी थाना क्षेत्र स्थित केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक प्रदीप जोशी ने तहरीर में लिखा, दुर्गा कालोनी धानमिल निवासी तरुण भारद्वाज बैंक का अधिकृत सुनार है। नई बस्ती निवासी अजहर वारसी, आजादनगर बनभूलपुरा निवासी वसीम अली और गौजाजाली निवासी जोया अहमद ने बैंक में सोने के जेवर गिरवी रखकर करीब चार लाख रुपये का लोन लिया था। अधिकृत सुनार तरुण भारद्वाज ने जेवरों की जांच की और जेवरों को असली बताया। जिसके आधार पर लोन पास किए गए। लोन मिलते ही आरोपी रुपया लेकर फरार हो गए। मामले में जब रुद्रपुर स्थित बैंक के दूसरे अधिकृत सुनार रमेश चंद्र से गिरवी रखे जेवरों की जांच कराई गई तो पता लगा कि जेवर नकली हैं। सीओ नितिन लोहनी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बैंक के अधिकृत सर्राफ को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### पूर्व में सामने आए इसी तरह के मामले

- 17 अप्रैल 2023 को सुनार तरुण भारद्वाज से मिलकर अजहर के नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर सवा लाख रुपये गोल्ड लोन लिया।
- 12 मई 2023 को सुनार तरुण के साथ मिलकर लाइन नंबर नौ आजाद नगर बनभूलपुरा निवासी वसीम अली ने 1.55 लाख रुपये का लोन लिया।
- 21 मई 2023 को सुनार तरुण के साथ मिलकर वार्ड 59 गौजाजाली निवासी जोया अहमद ने 1.20 लाख रुपये का गोल्ड लोन लिया।
- अगस्त 2024 में इसी सुनार ने नकली सोने को असली बताकर 1.40 लाख रुपये लोन पास कराया था।

# 100 मीटर में अनिल और लक्ष्मी ने जीती फर्राटा दौड़

## राइंका छोई में हुई माध्यमिक विद्यालयों की संकुल एथलेटिक्स प्रतियोगिता, सौरभ व हिमानी ने लगाई सबसे लंबी छलांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** राइंका छोई में माध्यमिक विद्यालयों की संकुल एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। जिसमें राइंका छोई, राइंका क्यारी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, राउमावि टेड़ा के बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। अंडर-14 वर्ग में हुई 100 मीटर दौड़ में अनिल कश्यप और लक्ष्मी सैनी प्रथम, अंडर-17 में अरमान फर्त्याल और अर्चना भंडारी प्रथम, अंडर-19 में वीरेंद्र बोहरा और दीक्षा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में अनिल कश्यप और लक्ष्मी सैनी प्रथम, अंडर-17 में तनिष्क और अवनी भट्ट प्रथम, अंडर-19 में वीरेंद्र बोहरा और दीक्षा प्रथम, 400 मीटर दौड़ (अंडर-14) में विनीत कुमार और दीक्षा अधिकारी प्रथम, अंडर-17 में हर्षवर्धन बिष्ट और अवनी भट्ट प्रथम, अंडर-19 में प्रियांशु रावत और हर्षिता प्रथम रहे।

वहीं लंबी कूद (अंडर 14) में सौरभ सिंह और हिमानी प्रथम, अंडर-17 में हर्षवर्धन बिष्ट और गरिमा बेलवाल प्रथम, अंडर-19 में रोहित पुरी और हर्षिता जोशी प्रथम, गोला फेंक (अंडर-14) में करन पंत और अंकिता पंत प्रथम, अंडर-17 में अरण्य कौस्तुभ और मानसी बिष्ट प्रथम रहे। जबकि अंडर-19 में कुनाल पांडे प्रथम, कुबेर बोहरा द्वितीय रहे। ऊंची कूद (अंडर-14) में यश और गीतिका प्रथम, अंडर-17 में मनजोत सिंह और गरिमा बेलवाल प्रथम, अंडर-19 में रोहित पुरी प्रथम व हर्षित बिष्ट द्वितीय रहे। तार गोला फेंक (अंडर-17) में देव सिंह नेगी प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय रहे। त्रिकूद (अंडर-17) में हर्षवर्धन बिष्ट और वंशिका चौधरी प्रथम, अंडर-19 में वीरेंद्र बोहरा प्रथम व हर्षित बिष्ट द्वितीय रहे। चक्का फेंक (अंडर-14) में अंकित रावत प्रथम, करन पंत द्वितीय रहे। अंडर-17 में हर्षित पंत और सोनिया रावत प्रथम रहे। 3000 मीटर दौड़ (अंडर-17) में हर्षित सिंह और महिमा मनराल प्रथम रहे। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

क्रीड़ा प्रभारी नवीन चंद जोशी ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे खिलाड़ी 23 व 24 सितंबर को राइंका रामनगर में होने वाली विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मीनाक्षी रावत, शिवानी आर्या, महेश बिष्ट, अमरजीत सिंह, अनुज निर्णायक की भूमिका में रहे।


राइंका छोई में प्रतियोगिता के दौरान लंबी कूद में जोर आजमाइश करता प्रतिभागी। ● अमृत विचार


नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज में फुटबॉल मैच के दौरान गोल के लिए जूझतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## शेरेड मेमोरियल अंतर विद्यालयी बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**नैनीताल, अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज में पांचवीं शेरेड मेमोरियल अंतर विद्यालयी बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार से आगाज हो गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के 10 विद्यालयों की टीम प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ और नियम के अनुसार खेलने की शपथ दिलाकर की। टूर्नामेंट में पहले दिन 6 लीग मैच खेले गए। पहला मैच ऑल सेंट्स ब्लू और मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया। जिसमें 20-0 से ऑल सेंट्स ब्लू विजेता रहा। दूसरा मुकाबला सेंट मेरी कॉलेज और बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया। मुकाबले में 4-2 से सेंट मेरी कॉलेज ने जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला ऑल सेंट्स व्हाइट टीम और सेंट जॉन्स स्कूल के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान विद्यालय की टीम ने 13-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच सनवाल स्कूल और भवाली के डी वीटो स्कूल के मध्य खेला गया। मैच 8-0 से सनवाल स्कूल की बालिकाओं ने अपने नाम किया। पांचवा मुकाबला सेंट मेरी कॉलेज और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें सैनिक स्कूल की टीम ने 2-1 से मुकाबला जीता। आखिरी मुकाबला जीजीआईसी नैनीताल और ऑल सेंट्स व्हाइट के मध्य खेला गया। जिसमे ऑल सेंट्स व्हाइट ने 6-1 से मैच अपने नाम किया। मुकाबलों में डॉ. मनोज बिष्ट, बृजेश बिष्ट, अपूर्व बिष्ट, पवन बिष्ट और गौतम साह रेफरी रहे। इस दौरान मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर विनय साह, गीता साह, आलोक साह, कर्नल संजय पंवार मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका ज्योतिका गिल और सीमा ढुलघरिया ने किया।

## बौद्धिक प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर अव्वल

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** विद्या भारती की ओर से आयोजित बौद्धिक प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर कालाढूंगी में संपन्न हुई। जिसमें नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ संभाग के कई छात्रों ने भाग लिया।

नैनीताल संभाग के सरस्वती शिशु मंदिर कालाढूंगी की छात्रा रिद्धि गोस्वामी ने गणित मॉडल में प्रथम तथा कार्तिक चावला ने गणित प्रयोग, मानस अग्रवाल ने विज्ञान मॉडल व शुभम ने विज्ञान प्रयोग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य शुभेंदु गुप्त, शिक्षक चन्दन, दीपक, लीला, लता, भावना, शान्ति, ललिता, नेहा आदि ने छात्रों को बधाई दी।

## राजकीय पेंशनर्स की बैठक आज

**रामनगर :** राजकीय सेवानिवृत पेंशनर्स संगठन की एक बैठक शुक्रवार (आज) को पर्वतीय सभा लखनपुर में सांय 4 बजे से होगी। जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष एमआर आर्य ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं के साथ-साथ पेंशन के संदर्भ में आ रही समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

## सार-संक्षेप


अपर निदेशक योगेंद्र रावत को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जारी करने की मांग

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता वन अधिकार समिति के एक शिष्टमंडल ने देहरादून में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित विभिन्न विभागों के सचिवों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना को जारी करने का मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में कहा कि बिंदुखत्ता को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत राजस्व गांव की मान्यता दिलाने के लिए संयुक्त दावे की पत्रावली 19 जून 2024 को जिला स्तरीय वन अधिकार समिति ने शासन को भेज दी थी, लेकिन अभी तक पत्रावली पर कोई भी सकारात्मक प्रयास नहीं हुआ है। इस पर नोडल जनजाति कल्याण निदेशालय में अपर निदेशक योगेंद्र रावत ने बताया कि राजस्व ग्राम की कार्यवाही शासन स्तर पर गतिमान है। शिष्टमंडल में समिति के सचिव भुवन भट्ट, बसन्त पांडेय, उमेश भट्ट, डॉ. यशवंत कोश्यारी, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, कैप्टन सुंदर सिंह खनका, कैप्टन इंदर सिंह पनेरी आदि शामिल रहे।

### पत्नी से मारपीट करने वाले पति को जेल भेजा

**चोरगलिया :** चोरगलिया बाजार क्षेत्र में उमेश उपाध्यक्ष अपनी पत्नी व एक बच्चे के साथ पिछले तीन साल से किराये के मकान में रह रहा है। वह सिडकुल स्थित एक कंपनी में काम करता है। उमेश की पत्नी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से वह घर पर शराब पीकर आता है और उस पर चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए मारपीट करता है। लड़ाई से तंग आकर उसने बीती देर रात अपने बागेश्वर निवासी भाई को मामले की जानकारी दी। जिस पर भाई ने तुरंत चोरगलिया थाने में फोन कर बहन की सुरक्षा की गुहार लगाई। थाना इंचार्ज भुवन सिंह राणा टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और उमेश को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। जिस पर पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर उसे जेल भेज दिया।


नंदकिशोर महाराज को श्रीकृष्ण की फोटो भेंट करते रामेश्वर दास महाराज।

### गौ सेवकों ने पांच दर्जन से अधिक गौवंश को पहुंचाया गौधाम

**हल्दूचौड़ :** श्रील नित्यानंद पाद आश्रम गौ धाम हल्दूचौड़ से जुड़े गौ सेवकों और समाजसेवियों ने गुरुवार को सड़कों पर घूम रहे पांच दर्जन से ज्यादा निराश्रित गौ वंशीय पशुओं को गोधाम पहुंचाया। गौ सेवक गोपीनाथ दास के नेतृत्व में चले इस अभियान के तहत जग्गी बंगर, गायत्री कॉलोनी, गोपीपुरम, रामपुर रोड आदि स्थानों से निराश्रित पशुओं को गौधाम में लाया गया। इधर, आश्रम के व्यवस्थापक रामेश्वर दास ने सभी गौ भक्तों के इस प्रयास की सराहना की। वहीं श्री श्याम भजन सम्राट नन्दकिशोर नंदू भैया महाराज ने गौधाम में गौ माता के दर्शन किए और मंदिर में चल रहे अखंड भागवत कथा मूल पाठ का श्रवण किया। गोधाम व्यवस्थापक ने नंदकिशोर महाराज को भगवान श्रीकृष्ण की फोटो भी भेंट की। इस दौरान गोपी नाथ दास, नारद मुनि दास, भारत भूषण अग्रवाल, बीडी खोलिया मौजूद रहे।



रामनगर में सदस्यता अभियान के दौरान विधायक के साथ भाजपा कार्यकर्ता।

### निष्ठावान लोगों को सदस्य बनाने में ध्यान दें : विधायक

**रामनगर :** किसी भी संगठन की रीढ़ उसके कार्यकर्ता होते हैं इसलिए निष्ठावान और समर्पित भावना से कार्य करने वाले लोगों को सदस्य बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने राजकीय डिग्री कॉलेज रामनगर में भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। विधायक बिष्ट ने कहा कि शिविर में लोग स्वत: सदस्य बनने के लिए आ रहे हैं। यह पार्टी के लिए शुभ संकेत है। कार्यक्रम संयोजक आशा बिष्ट, सह संयोजक गणेश रावत ने कहा कि लोगों में सदस्य बनने के लिए खासा उत्साह है। इस दौरान नगर अध्यक्ष मदन जोशी, सत्य प्रकाश शर्मा, कुलदीप कुमार शर्मा, आशीष ठाकुर, मनीष अग्रवाल, रुचि गिरी शर्मा, भावना जोशी, भगीरथ लाल चौधरी, विपिन कांडपाल मौजूद रहे।

## भूस्खलन की जद में राइंका मंगोली का भवन


नैनीताल विधानसभा के राइंका मंगोली का भवन भूस्खलन के चलते खतरे की जद में आ गया है। सप्ताह भर पहले हुई मूसलाधार बारिश से विद्यालय भवन के आगे भूस्खलन हो गया। दो कक्षों वाले इस भवन में कक्षा 7 व 9 की कक्षाएं चलती थीं। भूस्खलन होने से भवन में दरारें भी आ गई हैं। प्रधानाचार्य नंदन चंद्र आर्या ने बताया कि खतरे को देखते हुए बच्चों को दूसरी कक्षाओं में पढ़ाया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराते हुए भवन को बचाने के लिए 20 मीटर लंबी व 10 मीटर ऊंची दीवार बनाने की मांग की है। ● अमृत विचार

## सुरजीत लेखपाल संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड लेखपाल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हुकुमचंद पाल की सेवानिवृत्ति के बाद सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह को संगठन का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। बैठक में सरकार की ओर से रजिस्ट्रार कानूनगो तथा राजस्व निरीक्षक के पद का विलय संबंधी प्रस्ताव पर आपत्ति एवं विरोध व्यक्त किया गया।

इस दौरान लेखपालों को समय से वार्षिक प्रविष्टि दिये जाने, लेखपाल क्षेत्र का पुनर्गठन, हाईकोर्ट के कार्य से लेखपालों को मुक्त रखने, कामकाज हेतु अतिरिक्त समय दिये जाने, नायब तहसीलदार पदों पर तदर्थ पदोन्नति पर तत्काल रोक लगाने व पदोन्नति के पदों पर शीघ्र डीपीसी कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित हुए। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्डियाल ने किया। इस दौरान राजेश उनियाल, जयपाल सिंह रावत, सतपाल बाबू, देवेश घिल्डियाल, अनुज यादव, कुलदीप गैरोला, रविकांत धानिया, सत्य प्रकाश, रामभोज शर्मा, जगदीश राठौर, प्रदीप सिंह, विनोद भंडारी, दिनेश चंद्र, कृपाल राठौर, प्रदीप सिंह, आनंद सिंह रावत मौजूद रहे।



रामनगर में पुतला दहन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी-चकलुवा बाइपास में बस संचालन की मांग

**कालाढूंगी :** देवलचौड़ ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत से मुलाकात कर कालाढूंगी-चकलुवा बाइपास मोटर मार्ग में बस संचालन की मांग की है। इस पर विधायक भगत ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरटीओ को दूरभाष पर निर्देश दिए कि मार्ग में परमिट की औचारिकता पूरी कर बस का संचालन शुरू करें। इस दौरान रवि डिगारी, प्रकाश खोलिया, गोपाल मेहता आदि मौजूद थे।


लेखपाल संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते सदस्य। ● अमृत विचार

## राहुल गांधी पर टिप्पणी से गुस्साए युकां कार्यकर्ता

**रामनगर, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई अनर्गल बयानबाजी को लेकर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने लखनपुर चौक पर एकत्र होकर भाजपा के पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और रघुराज सिंह का पुतला दहन किया गया। युकां के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि भाजपा के तथाकथित नेता लोकतंत्र की मर्यादाओं को ताक पर रखकर राहुल गांधी के जीवन को अपने बयानों से खतरे में डालने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी समेत भाजपा के शीर्ष नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाले ऐसे बयानवीर अति शीघ्र राहुल गांधी व देश से सार्वजनिक माफी मांगें तथा अनर्गल बयानबाजी एवं जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान सोनू तिवारी, बलजिंदर सिंह, सचिन कुमार आर्य, चेतन पंत, अब्दुल रहमान, समीर हसनी, मयंक जोशी, सलमान, सोनू, करीम सलमानी, विजय चेतन करकोटी मौजूद रहे।

## पोषण माह के तहत दी कानूनी जानकारी

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना विभाग के तत्वावधान में कोटाबाग ब्लॉक के सभागार में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्येष्ठ प्रमुख शशि डंगवाल एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम रौतेला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कोटाबाग चौकी प्रभारी रमेश पंत ने बालिकाओं को कानूनी जानकारी प्रदान की। किशोरी परामर्शदाता निर्मला ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से अवगत कराया। प्रधानाध्यापिका ममता गुप्ता ने बाल वाटिका की जानकारी दी। समूह से प्रभा पांडे ने महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने गीत के माध्यम से व बालिकाओं ने लघु नाटक के माध्यम से सभी को जागरूक किया। वहीं सुपरवाइजर प्रेमलता गुंज्याल एवं सुनीता ने तमाम विभागीय जानकारियों से अवगत कराया।






## सार-संक्षेप


देवखड़ी नाले का निरीक्षण करते एसडीएम वर्मा व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### देवखड़ी नाले में जमा उपखनिज की होगी निकासी

**हल्द्वानी :** प्रशासन समेत चार सरकारी विभागों ने देवखड़ी नाले का संयुक्त निरीक्षण किया। इसके बाद तय हुआ कि नाले में जमा उपखनिज की नियमानुसार निकासी कराई जाएगी ताकि भविष्य में अतिवृष्टि पर पानी की निकासी हो सके। एसडीएम परितोष वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को सिंचाई, वन, खनन विभाग के अधिकारियों ने तपोवन में देवखड़ी नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें नाले में जमा उपखनिज का आकलन किया गया। इसके बाद तय हुआ कि पानी निकासी के लिए नाले में जमा उपखनिज की निकासी कराना अनिवार्य है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपखनिज की पैमाइश करवाई जाएगी इसके बाद विधिवत रॉयल्टी वसूली कर उपखनिज की निकासी कराई जाएगी। इससे बारिश में पानी के साथ मलबा आने का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकेगा। इस दौरान जिलाखनन अधिकारी ताजबर सिंह नेगी, सिंचाई ईई डीएस रावत, रेंजर केआर आर्य, जेई केएस बिष्ट मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज में फार्मा-को विजिलेंस के कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर व अन्य।

### दवा से हो दुष्प्रभाव तो टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में फार्मा-को विजिलेंस सप्ताह 17 से 23 सितंबर तक मनाया जाएगा। फार्माकोलॉजी विभाग ने दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर लोगों के लिए जारी टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि दवाइयों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर शीघ्र ही अपने चिकित्सक को बताना चाहिए, जिससे सही समय पर उपचार हो सके और जोखिम से बचाया जा सके। एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने सभी चिकित्सकों को दवाइयों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक रहने और उनकी रिपोर्टिंग करने को कहा। फार्माकोलॉजी विभाग की डॉ. रीना भारद्वाज ने बताया कि दवाइयों से दुष्प्रभाव के मामले को रिपोर्ट कर इंडियन फार्माकोपिया कमीशन को भेजा जाता है और वहां से कई दवाई के उपयोग के बारे में समय-समय पर चेतावनी भी जारी की जाती है। डॉ. कुणाल शर्मा, डॉ. शुजाउद्दीन, डॉ. नीरज आदि ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की दवा, टीका, इंजेक्शन, सीरप, मलहम आदि का सेवन करता है, जिसके बाद अगर यह लक्षण दिखे जैसे शरीर पर चकत्ते, दाने, चक्कर आना, बार-बार उल्टी होना, भूख न लगना, बेचैनी होना प्रतिक्रिया होती है तो इसकी जानकारी तुरंत दें।


बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुमाऊं राइफल्स के पूर्व सेनानी।

### कुमाऊं राइफल्स गौरव सेनानियों ने मनाया शैरोन दिवस

**हल्द्वानी :** तीन कुमाऊं राइफल्स के गौरव सेनानियों ने एक बैंक्वेट हॉल में 106वां युद्ध सम्मान, शैरोन दिवस समारोह आयोजित किया। संगठन के संरक्षक कैप्टन (अ प्रा) दया किशन उपाध्याय ने कालिका मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पल्टन व देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साथियों को श्रद्धांजलि दी। राइफल्स परिवार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूबेदार मेजर कल्याण सिंह धामी ने राइफल्स बैच लगी कैप संरक्षक कैप्टन डीके उपाध्याय को पहना कर स्वागत किया। संरक्षक ने बताया, 3 कुमाऊं राइफल्स ने प्रथम विश्व युद्ध में असाधारण वीरता का परिचय देते हुए विश्व में परचम लहराया और सेना में कुमाऊं क्षेत्र को एक पहचान दिलाई। समारोह में सपरिवार शामिल सेनानियों ने देशभक्ति गीत, कुमाऊंनी गीत गाकर समारोह को भव्य बनाया।

### लमगड़ा में 1.21 करोड़ से बनेगा पुल : कैड़ा



**हल्द्वानी :** जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के लमगड़ा में 30 मीटर स्पान का पुल बनाया जाएगा। विधायक रामसिंह कैड़ा ने बताया कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक के पस्या नदी में लमगड़ा साचा के पास गांव को जोड़ने वाला पुल नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियां हो रही थीं। स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को नदी पार करने का खतरा बना रहता है। बारिश में तो गांव से आवाजाही बंद हो जाती थी। ग्रामीण लंबे समय से पुल बनाने की मांग कर रहे थे। इस पर उन्होंने राज्य योजना के अंतर्गत 30 मीटर स्पान स्टील गार्डर पैदल पुल के लिए 1.21 करोड़ स्वीकृत कराए गए हैं। लोनिवि अधिकारियों को जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी कर पुल निर्माण के निर्देश दिए हैं।


एमबीपीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


एमबीपीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

# कुमाउंनी-गढ़वाली समेत देश भर की नृत्य प्रस्तुतियों की धूम

## पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित, लोक गायिका माया उपाध्याय के गानों पर झूमे कॉलेज के विद्यार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव और अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने कुमाऊंनी-गढ़वाली लोक नृत्य और देश के विभिन्न प्रांतों के लोक नृत्य सहित 40 से भी अधिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पहले मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान लोक गायिका माया उपाध्याय के गानों पर छात्र-छात्राएं जमकर झूमे। कार्यक्रम में एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भगत सिंह


वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी।

कोश्यारी ने युवाओं से प्रदेश की प्रगति और राष्ट्रीय एकता के लिए दृढ़ संकल्प लेकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वक्ता मनोज नीरवा ने राष्ट्र एकता को सभी धर्मों से ऊपर मानते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश के कार्यकाल में निर्मित लाल बहादुर शास्त्री सभागार के लिए विधायक निधि से डिस्प्ले वाला नया म्यूजिक सिस्टम देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम का मुख्य संचालन डॉ. नवल किशोर लोहनी ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. गोविंद बोहरा, डॉ. संजय खत्री, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. कमला पंत, डॉ. प्रभा पंत, डॉ. उषा पंत, डॉ. चारू चंद्र, डॉ. दीपा गोबाड़ी, डॉ. प्रेम प्रकाश और अनुशासन व्यवस्था बनाने में कॉलेज के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह रौतेला और दीपक फुलेरा का योगदान रहा। मंच व्यवस्थाओं में सांस्कृतिक परिषद मनीकेत तोमर और छात्र संघ पदाधिकारियों का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्र संघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला ने कार्यक्रम के सफल संचालन पर सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद प्रमोद तोलिया, मंडी विपणन बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, ललित जोशी, गजराज बिष्ट, आनंद सिंह दरमवाल रहे।


एमबीपीजी कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### आज बंद रहेगा कॉलेज, फीस जमा करने पहुंच सकते हैं विद्यार्थी

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में आज (शुक्रवार) को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है ताकि वार्षिकोत्सव के बाद कॉलेज में साफ-सफाई हो सके। हालांकि नए शिक्षण सत्र की प्रवेश प्रक्रिया में फीस जमा करने के लिए मुख्य प्रवेश समिति के सभी सदस्य कॉलेज में उपस्थित रहेंगे। इधर, एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को प्रवेश का आखिरी दिन था। आखिरी दिन कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 26, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 6 और बीएससी प्रथम सेमेस्टर बॉयोलॉजी में 3 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कॉलेज में पीजी कक्षाओं में पहले ही सीटें भर चुकी थी और वर्तमान में यूजी कक्षाओं में प्रवेश चल रहे थे। कॉलेज में इस शैक्षणिक सत्र में विभिन्न कक्षाओं में कुल 4983 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश प्रभारी रोहित कांडपाल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और आज शुक्रवार को फीस जमा करने का अंतिम दिन है।


नई दिल्ली में बैंक के एमडी को पुरस्कार देते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

# बॉब को फिर राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बैंक ऑफ बड़ौदा बॉब को राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारत सरकार की राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-2024 के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 सितंबर को आयोजित हिंदी दिवस समारोह और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद को पुरस्कार दिया गया। बॉब को लगातार तीसरी बार यह पुरस्कार मिला है जिसमें दो वर्ष प्रथम और एक वर्ष द्वितीय पुरस्कार शामिल है। बैंक मोबाइल बैंकिंग ऐप बॉब वर्ल्ड से हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में बैंकिंग सेवाएं देता है। ग्राहकों के लिए हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में ट्रांजेक्शन संबंधी एसएमएस की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

### एसटीएच में भर्ती दो मरीज डेंगू पॉजिटिव

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** एसटीएच में डेंगू के दो नए मरीज भर्ती हुए हैं।

विगत कुछ दिनों से डेंगू को लेकर राहत थी। जिले में इस सीजन में डेंगू के मामले कम आए थे। एसटीएच में बुखार के दो मरीजों का उपचार किया जा रहा था। इनको बुखार के साथ प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रही थी। दोनों ही मरीजों की एलाइजा जांच कराई गई। दोनों ही मरीजों की जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में डेंगू के मरीजों की कुल संख्या 11 हो गई है और इनमें से कई मरीज बाहरी जिलों के हैं। एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि दोनों मरीजों का उपचार चल रहा है। इधर सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में डेंगू का कोई भी मरीज भर्ती नहीं है। पीएमएस डॉ. केके पांडे के अनुसार डेंगू वार्ड इस समय खाली पड़ा है। हालांकि बुखार के मरीजों की संख्या काफी बढ़ रही है। अस्पताल के मेडिसन विभाग की ओपीडी में रोजाना ही बुखार के मरीजों की लंबी कतार लग रही है। बारिश रुकने के बाद डेंगू का खतरा बढ़ा है।

# प्राध्यापिका उत्तीर्ण कराने के एवज में मांग रही 15 हजार रुपये

▸▸ **गौलापार डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने की प्राध्यापिका के स्थानांतरण की मांग**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौलापार डिग्री कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज की एक प्राध्यापिका पर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कराने के लिए छात्रों से 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

छात्र संघ अध्यक्ष गितांशु जोशी ने प्राचार्य संजय कुमार को ज्ञापन सौंप कर कहा कि कॉलेज की एक प्राध्यापिका के विरूद्ध पिछले लंबे समय से शिकायतें मिल रही हैं। आरोप लगाया कि प्राध्यापिका संपर्कों का हवाला देकर अच्छे अंक दिलाने का आश्वासन देती हैं और इसके एवज में रुपयों की मांग करती हैं। हाल ही में एक विषय में उत्तीर्ण कराने के लिए 15 हजार रुपये की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में शिक्षा निदेशक से छात्र हित में प्राध्यापिका के स्थानांतरण की मांग की है।

छात्रों ने कहा कि इस मामले को उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के पास लेकर भी जाएंगे और प्राध्यापिका का स्थानांतरण शीघ्र नहीं होने पर आंदोलन को मजबूर होंगे।


प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते गौलापार डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी।

> यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-अंजू बिष्ट,** निदेशक उच्च शिक्षा, हल्द्वानी

> छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से उन्हें इस संबंध में अवगत कराया है। छात्रों से साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया है। साक्ष्यों के आधार पर ही प्राध्यापिका पर विभागीय कार्यवाही की जा सकती है। हालांकि वह अपने स्तर पर भी इस मामले की जांच करेंगे जिसके बाद विभागीय कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र भेजेंगे। **-संजय कुमार,** प्राचार्य गौलापार डिग्री कॉलेज

**शिकंजा** किसी भी दिन अल्मोड़ा और हल्द्वानी स्थित आवास में हो सकती है कुर्की

# वांटेड घोषित होगा मुकेश, घर के दरवाजे-खिड़की उखाड़ेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा फरार है और अब पुलिस ने उसके घर के खिड़की-दरवाजे उखाड़ने यानी कुर्की की तैयारी कर ली है। उसे वांटेट भी घोषित कराया जाएगा और फिर भी न मिला तो उस पर इनाम रखा जाएगा। पिछले 20 दिन के भीतर मुकेश बोरा दूसरी बार पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ है।

च्यूरी गाड़ धारी ओखलकांडा नैनीताल निवासी मुकेश बोरा के खिलाफ एक सितंबर को लालकुआं निवासी महिला ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकेश ने शिकायतकर्ता विधवा को आउटसोर्स के जरिये नौकरी पर रखवाया और फिर नौकरी परमानेंट करने के नाम पर दुष्कर्म किया। पीड़िता के 164 के बयान हुए तो उसने नाबालिग बेटी के साथ भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया। नाबालिग बेटी के 164 के बयान के बाद लालकुआं कोतवाली में दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे में पॉक्सो की धारा बढ़ाई गई।

**अपराध**

▸▸ **फिर भी हत्थे नहीं चढ़ा तो भगोड़ा घोषित कर मुकेश पर रखा जाएगा इनाम**

फरार मुकेश की घर के कुर्की के नोटिस जारी होने के बाद गैर जमानती वारंट भी जारी करा दिया गया। 13 सितंबर को हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने अंतरित राहत देते हुए बोरा की गिरफ्तारी पर 17 सितंबर तक रोक लगा दी थी। इसके बाद न्यायाधीश न्यायामूर्ति विवके भारती शर्मा की एकलपीठ ने 17 सितंबर को मामले में सुनवाई की और बोरा की गिरफ्तारी पर रोक लगाने व मुकदमे को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी है।याचिका का आदेश आम होने से पहले ही मुकेश बोरा फिर फरार हो गया। तीन दिन पहले पुलिस ने मुकेश बोरा के खिलाफ 82 एक्ट की कार्रवाई करते हुए उसके हल्द्वानी में ऊंचापुल और ओखलकांडा स्थित मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। अब पुलिस ने 83 एक्ट का आदेश भी कोर्ट से ले लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार को पुलिस संपत्ति कुर्क की कार्रवाई करेगी। जिसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर कोर्ट से आदेश लेकर मुकेश को वांटेड घोषित कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि मुकेश पर इनाम घोषित करने की तैयारी भी चल रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं। जल्द ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी न होने पर जो भी विधिक कार्रवाई होगी उसे अपनाया जाएगा।

### निगरानी कर रही थी पुलिस, चकमा दे गया मुकेश



**हल्द्वानी :** हाईकोर्ट ने यह कहते हुए मुकेश बोरा को जमानत स्टे दिया था कि उसे पुलिस जांच में सहयोग करना होगा और हर रोज अल्मोड़ा कोतवाली में हाजिरी लगानी होगी। हालांकि न तो उसने अपना मोबाइल पुलिस को उपलब्ध कराया और न ही जांच में सहयोग किया। इधर, 17 सितंबर को हाईकोर्ट में उसके प्रार्थना पत्र पर सुनवाई पूरी हुई और उधर मुकेश फिर एक बार अल्मोड़ा से फरार हो गया। जाने से पहले उसने अल्मोड़ा कोतवाली में हाजिरी भी नहीं लगाई और किसी व्यक्ति का नाम पर लेकर पुलिस से बहाना बनाकर फरार हो गया। मुकेश बोरा जो नया नंबर इस्तेमाल कर रहा था, वह भी अब बंद है। इस नंबर की डिटेल पुलिस ने खंगाली तो पता लगा कि यह नंबर किसी और के नाम पर चल रहा था। पता लगा है कि मुकेश अल्मोड़ा एक होटल में ठहरा था।

### रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उप्र के रामपुर में रेलवे ट्रैक पर खंभा रख कर देहरादून एक्सप्रेस को पलटने की साजिश नाकाम होने के बाद रेलवे ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। नैनीताल व ऊधम सिंह नगर जिलों के सभी रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर गश्त की जा रही है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, रुद्रपुर सिटी स्टेशन से पूर्व देहरादून से आने वाली ट्रेन जब बिलासपुर पहुंची थी तब ट्रैक पर एक खंभा रखा हुआ है जिसकी टक्कर से ट्रेन पलट सकती थी। इस हादसे के बाद इज्जत नगर मंडल ने नैनीताल व ऊधम सिंह नगर जिले में रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ व जीआरपी को गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इज्जत नगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि संपूर्ण डिवीजन में अलर्ट जारी किया गया है, आरपीएफ व जीआरपी की टीमें गश्त कर रही हैं।

# रिंग रोड विरोध : लोनिवि एई के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रिंग रोड परियोजना के खिलाफ गन्ना सेंटर के पास ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। ग्रामीण लोनिवि के सहायक अभियंता के ऊपर मुकदमा दर्ज करने की भी मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि रिंग रोड को लेकर उनके खेतों में खंभे लगाए जा रहे हैं।

धरने के नौवें दिन किसान मकान बचाओ शंकर समिति ने रिंग रोड परियोजना को रद्द करने की एक सूत्रीय मांग को दोहराया। समिति अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने कहा कि धरना स्थल में प्रत्येक सप्ताह पुतले दहन किए जाएंगे। 21 सितंबर को हल्द्वानी रिंग रोड परियोजना का पुतला दहन किया जाएगा। इससे पूर्व किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल हल्द्वानी कोतवाली पहुंचा। ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर लोनिवि के सहायक अभियंता समेत उन मजदूरों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है जो रिंग रोड परियोजना को लेकर उनके खेतों का चिन्हिकरण कर रहे हैं और खंबे लगा रहे हैं। हालांकि पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं हो पाई। धरन में जिला पंचायत सदस्य आनदं सिंह दर्मवाल भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की बात रखने के लिए वह एक प्रतिनिधि मंडल को लेकर सीएम से मिलने देहरादून जाएंगे। गुरुवार को धरने में निक्की दुर्गापाल, लक्ष्मण सिंह बोरा, कैलाश कुल्याल, कमल बोरा, हर्षित उपाध्याय, ललित मोहन जोशी, लक्ष्मण सिंह बोहरा, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, प्रेमानंद उपाध्याय रहे।

## सार-संक्षेप



शक्तिफार्म के बसगर में निरीक्षण के दौरान सचिव बीबीआरसी पुरुषोत्तम।

### चारा उत्पादक सहकारी समिति का निरीक्षण किया

**शक्तिफार्म** : जनपद प्रभारी एवं सचिव मत्स्य एवं डेरी विकास विभाग डॉ. बीबीआरसी पुरुषोत्तम ने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत बसगर, शक्तिफार्म में चारा उत्पादक सहकारी समिति का निरीक्षण किया। समिति के अध्यक्ष प्रभा रावत व सचिव उषा सरकार ने बताया कि इस समिति में 546 सदस्य जुड़े हैं। समिति का मुख्य उत्पादन मक्के का साइलेज, भूसा है। उन्होंने इस दौरान योगेन्द्र सिंह रावत संचालित गौशाला, डेरी व पिगरी फार्म का निरीक्षण किया। योगेन्द्र सिंह रावत की मांग पर एक उन्नत नस्ल का जर्सी बैल या सांड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी रविन्द्र जुआठा, खण्ड विकास अधिकारी सीआर आर्या, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. उमाशंकर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे आदि मौजूद थे।



किच्छा कोतवाली में प्रशिक्षण प्राप्त करते उपनिरीक्षक। ● अमृत विचार

### किच्छा कोतवाली में विवेचकों को दिया एप्स का प्रशिक्षण

**किच्छा** : कोतवाली परिसर में विवेचकों की टीम को आई– राड एवं ई –डर एप्स के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप निरीक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एप्स के प्रयोग में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों से प्रशिक्षक राणा को अवगत कराया। इसके बाद एनआईसी रुद्रपुर से आए प्रशिक्षक अनिल राणा ने व्यवहारिक कठिनाइयों का निराकरण किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, एसएसआई उमेश कुमार, उप निरीक्षक ओम प्रकाश नेगी, उपनिदेशक राजेंद्र प्रसाद, उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, उप निरीक्षक नीलम मेहरा आदि मौजूद रहे।

### अलायंस एयर और फ्लाई बिग की उड़ानें रद्द रहीं

**पंतनगर** : बृहस्पतिवार को अलायंस एयर की दिल्ली से वाराणसी वाया पंतनगर आने वाली फ्लाइट संख्या एलएलआर 647 दिल्ली से 11 बजे उड़ान भरकर 12 बजे पंतनगर पहुंची। जिसे 9 .10 बजे उड़ान भरकर 10 .10 बजे पंतनगर पहुंचना था। जिसकी वजह से इस फ्लाइट की वाराणसी लिए उड़ान रद्द कर इसे वापस दिल्ली भेज दिया गया। वहीं फ्लाई बिग की देहरादून–पंतनगर वाया पिथौरागढ़ हवाई सेवा भी अज्ञात कारणों से रद्द रही। इस हवाई मार्ग पर कंपनी का 19 सीटर विमान हवाई सेवा देता है। उड़ानें रद्द होने से पंतनगर आने और यहां से जाने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ा। पंतनगर एयरपोर्ट के उप निदेशक मनोरंजन सरकार ने बताया दोनों फ्लाइटों को तकनीकी कारणों से रद्द किया गया है।

### हमला करने के मामले में दो पर मुकदमा

**काशीपुर** : इस्लामिया स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मो. इदरीश ने दो लोगों पर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काजीबाग निवासी इदरीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ सितंबर की रात वह अपने निजी कार्य से जसपुर खुर्द स्थित एक रिसोर्ट में गए थे। रिसोर्ट से निकलते हुए रात साढ़े 11 बजे जसपुरखुर्द निवासी गुरचरन सिंह और गुरदीप सिंह व तीन अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### लंबे समय से फरार वन तस्करों को किया गिरफ्तार

**बाजपुर** : बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ जारी अभियान में धारा 2/3 गैंगस्टर व धारा 138 एनआई एक्ट में ग्राम रेंहटा निवासी जसवंत सिंह उर्फ जस्सा और गोरू गांव निवासी मोहन सिंह को घरों से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित वन तस्कर हैं। कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि काफी समय से पुलिस को इनकी तलाश थी। वहीं दोराहा चौकी पुलिस ने ग्राम कनौरा निवासी फरार वारंटी गोविंदराम को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# आज से राज्य ओलंपिक का आगाज

## सीएम धामी करेंगे प्रतियोगिता का शुभांरभ, 27 सितंबर तक आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में आज से 5वीं राज्य स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिताएं शुरू हो जाएंगी। यह प्रतियोगिताएं 27 सितंबर तक आयोजित होंगी। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में खेल मंत्री रेखा आर्या समेत सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा समेत अन्य विधायक मौजूद रहेंगे।

ऊधमसिंह नगर जनपद में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिताएं के लिए प्रशासन के साथ खेल विभाग के अधिकारी पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं दोपहर बाद खिलाड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देर सायं तक करीब 900 खिलाड़ी रुद्रपुर पहुंच चुके हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए रहने की अलग-अलग स्थानों में व्यवस्थाएं की गयी है। इसके लिए प्रशासन की ओर से करीब 42 वाहन लगाए गये हैं। देर रात या सुबह तक अन्य खिलाड़ियों के पहुंचने की भी उम्मीद है।

देर सायं स्पोर्ट्स स्टेडियम में एसडीएम मनीष बिष्ट ने अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही तैयारियों को लेकर जानकारी ली। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी को खेल मैदान व बहुद्देशीय भवनों की साफ-सफाई करते हुए खिलाड़ियों के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और वे अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों के रहने के लिए कमरों व शौचालयों की साफ-सफाई कराने के साथ ही मोबाइल शौचालय रखने के भी निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम मनीष बिष्ट। ● अमृत विचार

### 33 खेल प्रतियोगिताएं विभिन्न स्थानों पर होंगी आयोजित

**रुद्रपुर** : राज्य ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डीके सिंह ने बताया कि 5वें राज्य स्तरीय ओलंपिक करीब 33 खेल प्रतियोगिताएं विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर के काशीपुर में मॉडर्न पेंटाथलॉन, मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल, जूडो, कबड्डी, वुशु (मार्शल आर्ट), बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, पुलिस लाइन में वेटलिफ्टिंग, ताइक्वाडों, रेसलिंग, जेसीज पब्लिक स्कूल में टेबल टेनिस, फेन्सिंग, 31वीं बटालियन पीएसी में जिमनास्टिक, डीपीएस रुद्रपुर में तिरअंदाजी, स्पोर्टस स्टेडियम पंतनगर में एथलेटिक्स गेम्स आयोजित किए जाएंगे।

# 31.46 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गश्त के दौरान 31.46 ग्राम स्मैक के साथ एक विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया है और एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

एएनटीएफ दरोगा ललित चौधरी टीम के साथ गंगापुर रोड पर गश्त कर रहे थे। तभी बाइक पर सवार एक युवक देखकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सूरज वर्मन उर्फ वासु वर्मन निवासी मछली मार्केट थाना ट्रांजिट कैंप बताया। तलाशी लेने पर युवक कब्जे से 31.46 ग्राम स्मैक बरामद कर ली।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरेली से वह स्मैक लाकर पुड़िया बनाकर नशेड़ी युवकों को मुहैया कराता है। पुलिस ने आरोपी की बाइक संख्या यूके-06 बीडी-7749 को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### 26 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिनेशपुर** : थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 26 लीटर कच्ची शराब मय बाइक होंडा साइन सहित आरोपी शमशेर सिंह निवासी ग्राम तारकधाम बुक्सौरा थाना दिनेशपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा–60/72 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस टीम में एएसआई अनवर अहमद, श्याम सुन्दर, कमलेश सिंह नेगी आदि थे।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर** : कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी लेदा बैलजुड़ी निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया है। जबकि दो वारंटी उदयपुरी चोपड़ा निवासी फिरोज व नई बस्ती निवासी सुलेमान को भी गिरफ्तार किया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2023 को मैंने अपने पुत्र अमन को गलत चाल-चलन के कारण बेदखल कर दिया था लेकिन अब उसका व्यवहार मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति अच्छा है। इसी कारण बेदखली को निरस्त करते हुए अब मैंने अमन को पुनः अपना वारिस बना लिया है। वह मेरी सम्पत्ति व नौकरी का वारिस रहेगा। **कन्हैया लाल पुत्र स्व. बुद्धसेन निवासी कुम्हारा गडा (शेरपुरा) कनखल, हरिद्वार।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमने वार्ड नं.-3, गौटिया, किच्छा निवासी अपने भाई राकेश पुत्र छोटेलाल से उसके गलत आचरण एवं संगत के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में राकेश तथा उसके परिवार के किसी कृत्य एवं लेन-देन से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। - **जयपाल एवं सूरजपाल पुत्रगण छोटेलाल, निवासी गौटिया, किच्छा (ऊधमसिंह नगर)**

**सूचना**

मेरा वर्ष 2016 में परीक्षा उत्तीर्ण हाईस्कूल का प्रमाण पत्र सं. 11000352 तथा अनुक्रमांक 16101880 जो कि अल्मोड़ा बाजार में कहीं गुम हो गया है। जो कि काफी खोज-बीन करने के पश्चात भी नहीं मिल पाया है। अन्य द्वारा इस उपयोग अवैध होगा। **- हंसा फर्त्याल पुत्री श्री रमेश सिंह फर्त्याल, निवासी ग्राम व पोस्ट-ढौरा, तहसील व जिला- अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड।**

# क्विल्ट, मूंज घास, मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मंथन

- सेतु आयोग के उपाध्यक्ष ने की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा
- मत्स्य पालन को 500 हेक्टेयर तक बढ़ाने पर होगा विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए नई योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में क्विल्ट, मूंज घास, मत्स्य पालन, आदि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। पिछले कुछ वर्षों में मत्स्य पालन बढ़ा है जिसे आगे 500 हेक्टेयर तक बढ़ाये जाने पर विचार किया जाएगा।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया कि जनपद में सात ग्रोथ सेंटर बनाए गए हैं। मूंज घास व क्विल्ट उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनकी मांग ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर बढ़ रही हैं। साथ ही मत्स्य पालन में भी अच्छा भविष्य है। उन्होंने बताया कि जनपद में 167 हेक्टेयर में लगभग 40 हजार क्विंटल मत्स्य उत्पादन किया जा रहा है, जबकि उपभोग इससे भी अधिक है। इसलिए उत्पादन लक्ष्य 500 हेक्टेयर तक बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि फिशरीज प्रोसेस यूनिट लगाया जा रहा है जिससे आमदनी के साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि जनपद के गीले कूड़े के निस्तारण के लिए कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट से बिजली उत्पादन का कार्य लिया जा रहा है। इसके साथ ही सूखे कूड़े के लिए प्राइवेट यूनिट है। उन्होंने कहा कि कूड़े के लिए भी प्रोसेस यूनिट लगायी जानी चाहिए। ताकि वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जनपद में ग्रीष्मकालीन धान की खेती के स्थान पर मक्का व गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही बड़े किसान ड्रैगन फ्रूट की खेती में रूचि ले रहे हैं जिसके लिए सरकार योजना भी ला रही है। उन्होंने बताया कि मार्केट डेवलेपमेंट एक बड़ी समस्या है जिस पर योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान सेतु आयोग के उपाध्यक्ष ने सभी विभागों की जानकारी ली व विभागीय कार्य योजनाओं के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा भी की।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

उपनिदेशक नियोजन विभाग निर्मल शाह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील, सीओ आरडी मठपाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, एसीएमओ डॉ.हरेंद्र मलिक, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, बीडीओ राजेश कुमार यादव, असीत आनंद, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# घर में घुसकर किशोरी पर किया हमला

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उसने खुद को भी घायल कर लिया। इस घटना में किशोरी के छोटे भाई को भी चोटें लगी हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पर इससे पहले भी किशोरी को स्कूल जाते वक्त छेड़छाड़ का आरोप है।

नगर क्षेत्र के एक वार्ड निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री सरकारी कॉलेज में कक्षा सात में पढ़ती है। हल्द्वानी निवासी सिरफरा युवक तालिब आए दिन उसकी पुत्री को स्कूल जाते वक्त छेड़छाड़ करता था। इसकी शिकायत पीड़िता के पिता ने पूर्व में भी की थी। लेकिन आरोपी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि 18 सितंबर को बालिका का पिता मजदूरी करने गया था और उसकी पत्नी बाजार गई थी। इस दौरान आरोपी मौका पाकर उसके घर में घुस गया। आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री से दुराचार का प्रयास किया। उसके आठ साल के पुत्र ने जब उसे रोका तो आरोपी ने पुत्र का गला दबा दिया। आरोप है कि इस दौरान हमलावर ने सब्जी काटने वाले चाकू से उसकी पुत्री पर हमला कर दिया। हमले में उसकी पुत्री का हाथ कट गया है। उसके पुत्र ने सूचना फोन पर परिजनों को दी। पीड़ित का कहना है कि हमलावर तालिब ने खुद को भी घायल कर लिया। आरोपी ने उसकी पुत्री को धमकी दी कि अगर उससे शादी नहीं की तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने आरोपी तालिब निवासी हल्द्वानी, हाल निवासी सितारगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अश्लील फोटो-वीडियो भेजकर छात्रा को किया परेशान

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके की रहने वाली एक छात्रा को सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो बनाकर परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने साइबर सेल पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी की फर्जी आईडी बनाकर एक अज्ञात युवक इंस्टाग्राम संचालित कर रहा है। साथ ही बेटी को बदनाम करने के मकसद से अश्लील गानों की वीडियो व छेड़छाड़ युक्त फोटो को इंस्टाग्राम पर वायरल कर रहा है। आरोप था कि युवक रिश्तेदारों को भी पोस्ट भेज कर बेटी को बदनाम करने की साजिश कर रहा है। इसकी वजह से बेटी का स्कूल आना–जाना भी दुश्वार हो गया है और वह मानसिक अवसाद से गुजर रही है। शिकायतकर्ता ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स : 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत काठगोदाम क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि प्रशासन के निर्देशानुसार सड़क चौढ़ीकरण कार्य हेतु नरीमन चौराहा, काठगोदाम क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा नए विद्युत पोल स्थापित करने एवं उन पोलों में विद्युत तारों को खींचने व परिवर्तक स्थानान्तरित करने का कार्य किया जाना है, जिस कारण निम्न सूची के अनुसार शट-डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | दिनांक एवं दिन | उप-संस्थान का नाम | पोषक का नाम | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 20.09.2024 (शुक्रवार) | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, HMT रानीबाग | शीशमहल पोषक | रानीबाग घाट, इन्द्रा नगर काठगोदाम, कल्सिया पुल, काठगोदाम थाना, नई बस्ती, नरीमन चौराहा, बद्रीपुरा, रेलवे कॉलोनी, कॉलटैक्स, ठोकर लाईन | प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांकः Camp-19/वि0वि0ख0(ह0)/ दिनांक : 19/09/2024 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405

**कार्यालय गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब**

**टेण्डर/सूचना/कंबाईन से धान कटाई/बाग ठेका/रंगाई पुताई ठेका**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब के 04 कृषि फार्मों ( चौमेला फार्म-90 एकड धान, देवीपुर फार्म-103 एकड़ धान, नानकमता फार्म- 68 एकड़ धान, प्रतापपुर फार्म-55 एकड धान ) के कुल 316 एकड़ धान की फसल की कंबाईन द्वारा कटाई कराये जाने हेतु निविदा दि०- 25.09.2024 दिन बुधवार पूर्वाहन 10.00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन गु० प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब के निदेशकों/निविदा समिति के समक्ष पूर्वाहन 10.30 बजे खोली जायेगी। इसके अतिरिक्त गु० प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब के चौमेला फार्म के 02 बागों ( आम का बाग रकबा 34 एकड़ व अमरुद का बाग रकबा 03 एकड़ ) को जहां है, जैसे है के आधार पर ठेके पर दिये जाने हेतु व गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब की रंगाई पुताई कराये जाने हेतु निविदा दि०- 25.09.2024 दिन बुधवार अपराहन 01.00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख 02.00 खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता अर्नेस्ट मनी जमा कर निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र नियम व शर्तें गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब की बेबसाईट www.nanakmattasahib.com से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

(स० अमरजीत सिंह)
जनरल सेक्रेटरी
गु० प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब
मो. नंबर -6396521367, 9917473403

# संभव नहीं है एक देश और एक चुनाव : आर्य

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** एक देश एक चुनाव केवल ध्यान भटकाने का मुद्दा है। चुनाव आयोग चार राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ नहीं करा पा रहा है तो यह वन नेशन वन इलेक्शन कैसे करा पाएगा। यह बात नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रेस को जारी बयान में कही है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी अच्छी तरह जानती है कि यह संभव नहीं है। एक देश, एक चुनाव से लोकतंत्र की विविधता और संघीय ढांचे को खतरा बढ़ेगा। लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव का स्वरूप और मुद्दे बिल्कुल अलग होते हैं। लोकसभा के चुनाव जहाँ राष्ट्रीय सरकार के गठन के लिये होते हैं, वहीं विधानसभा के चुनाव राज्य सरकार का गठन करने के लिये होते हैं। आर्य ने कहा कि इस सिस्टम को लागू करने के लिए कई संवैधानिक संशोधन करने होंगे, जो एक जटिल प्रक्रिया है। मोदी सरकार ने नोटबंदी, जीएसटी और किसान कानून समेत तमाम नियम बिना किसी सलाह के लाए थे, वैसे ही यह वन नेशन वन इलेक्शन का जुमला बिना किसी की सलाह के लेकर आए हैं।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### फरार वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** काशीपुर में एक व्यक्ति ने अपने ड्राइवर पर उसका टाटा मैजिक वाहन लेकर बिहार भाग जाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। गौशाला निवासी सत्यप्रकाश ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने छह मई को एक टाटा मैजिक वाहन (छोटा हाथी) खरीदा था। जिसे चलाने के लिए उसने बिहार निवासी व हाल निवासी खड़कपुर देवीपुरा आशुतोष कुमार राय रखा था। आरोप लगाया कि पांच अगस्त की सुबह आठ बजे जब वह हिसाब लेने के लिए आशुतोष के घर गया तो पता चला कि ड्राइवर दो दिन से घर नहीं आ रहा है। इसके बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चल सका। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### किसान आंदोलन के नाम पर विदेशी फंडिंग के जरिये लाखों रुपये की धनराशि खुर्द-बुर्द करने का मामला, धनराशि की जानकारी दी

# विदेशी फंडिंग की राशि प्राप्त करने वाला किसान खुद आया सामने

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** किसान आंदोलन के नाम पर विदेशी फंडिंग के जरिये लाखों रुपये की धनराशि खुर्द-बुर्द करने का मामला इंटरनेट मीडिया पर उठने के बाद धनराशि प्राप्त करने वाला व्यक्ति स्वयं किसान यूनियन के समक्ष पहुंचा और आंदोलन के नाम पर आई लाखों रुपये की धनराशि किसान यूनियन को स्थानांतरित करने की जानकारी दी। अब इस विषय को लेकर हुई किसान यूनियन की बैठक में किसी को भी दोषी नहीं ठहराए जाने की बात कही है।

गुरुवार को गुरुद्वारा साहिब में भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक के दौरान भाकियू नेता और सिख प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरपिंदर सिंह बाजवा ने अमेरिका से नानक सिंह भट्टी नामक व्यक्ति द्वारा वर्ष 2021 में भेजे गए 34.80 लाख रुपयों में से 31.61 लाख रुपये किसान यूनियन को वापस करने की जानकारी दी। बताया गया कि 3.19 लाख रुपये ही किसान आंदोलन में खर्च हुए थे। शेष बचे 31.61 लाख रुपयों में से 22.50 लाख रुपये गुरुद्वारा साहिब फौजी कॉलोनी के खाते में तथा बाकी के 9.15 लाख रुपयों का चेक भाकियू के कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा को सौंपा गया है। बैठक में आंदोलन के नाम पर 60 लाख रुपये अमेरिका से भेजे जाने की बात को झूठा बताया गया। बैठक में भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, अजीत प्रताप सिंह रंधावा, कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि नानक सिंह भट्टी ने 34.80 लाख रुपये आंदोलन के नाम पर हरपिंदर बाजवा को यह कह कर भेजा था वह जैसे-जैसे कहेगा वैसे आंदोलन में लगा देना जिसके चलते नानक सिंह के कहने पर 3.19 लाख रुपये आंदोलन में खर्च किया गया था। इस मौके पर जगतार सिंह बाजवा, प्रताप सिंह, हरप्रीत सिंह निज्जर, सतनाम सिंह रंधावा, दलजीत सिंह रंधावा, बिजेंद्र सिंह डोगरा, अमरजीत सिंह, हरमिंदर सिंह बरार, संदीप देओल, दिलबाग सिंह, मंगा सिंह, हरपिंदर सिंह बाजवा, करमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


बाजपुर गुरुद्वारा साहिब में आयोजित बैठक में चर्चा करते किसान यूनियन के लोग। ● अमृत विचार

### पोस्ट डालने के बाद शुरू हुआ था विवाद

**बाजपुर :** किसान आंदोलन में अमेरिका निवासी नानक सिंह ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी। इसमें लिखा गया था कि किसान आंदोलन में यूएस से साठ लाख रुपया आंदोलन में भेजा गया, जो खुर्द-बुर्द किया गया है। अब इस मामले का खुलासा करने वाले नानक सिंह भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। लोगों का कहना है कि पैसा एक व्यक्ति के खाते में ही क्यों भेजा गया। आंदोलन में पैसा देना था तो किसान यूनियन अथवा संयुक्त मोर्चा के खाते में जैसे और लोग चंदा दे रहे थे वैसे ही दिया जाना चाहिए था। ऐसे में इस धन को सीधे किसान यूनियन के खाते में न भेजने और उसे किसी व्यक्तिगत खातों में भेजने पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं हरपिंदर बाजवा के खाते में विदेश से 34.80 लाख ही किसान यूनियन के नाम पर आने का पुष्टि हो गई है, जबकि इंटरनेट मीडिया पर दावा 60 लाख रुपये का किया गया था, लेकिन किसान आंदोलन के नाम पर आए पैसे का किसी स्तर पर राजनीतिक प्रयोग नहीं किए जाने पर भी पंचायत ने सहमति व्यक्त की है।

### सिडकुल में वेल्डर से लूट अज्ञात पर केस दर्ज

**पंतनगर :** सिडकुल में वोल्टास कंपनी के पास वेल्डर से चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(4) में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लक्खीपुर थाना दिनेशपुर निवासी रंजीत राय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मुखर्जीनगर जगतपुरा रुद्रपुर में रहकर सिडकुल की एमआर ट्यूब कंपनी में वेल्डिंग का काम करता है। बीते 15 सितंबर की रात करीब 10 बजे वह कंपनी से काम खत्म करके अपने कमरे की ओर जा रहा था। इसी दौरान वोल्टास मोड़ के पास तीन-चार अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और लात-घूंसों से मारने लगे। उसने विरोध किया तो एक व्यक्ति ने चाकू निकाल कर उसकी गर्दन पर रखा और उससे उसका मोबाइल व पेंट की जेब से पर्स छीन लिया। जिसमें उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड व आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम कार्ड और तीन सौ रुपये थे। तभी सामने से आते किसी वाहन की लाइट देखकर वह लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# आदर्श चौकी प्रभारी को दबंगई पड़ी भारी, बवाल के बाद लाइन हाजिर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी की दबंगई खुद पर ही भारी पड़ गई है। युवक से हाथापाई की वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने तत्काल चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया और गुस्साए लोगों का गुस्सा शांत करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम को चेकिंग के दौरान दरोगा ने अभद्रता व हाथापाई की थी।

बुधवार की शाम आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल पुलिस टीम के साथ जैन मंदिर मुख्य मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो युवकों को देख चौकी प्रभारी ने चाबी निकाल ली और सिख युवक से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जब युवक ने विरोध किया तो हाथापाई कर बाइक को लात मारकर गिराने का भी आरोप लगा। गुरुवार की सुबह जब इस प्रकरण की वीडियो वायरल हुई तो व्यापारी संगठनों और गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने बैठक शुरू कर दी। जिसकी भनक लगते ही एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बवाल को रोकने की कोशिश की। प्रकरण की जानकारी एसएसपी मणिकांत मिश्रा को दी। एसएसपी ने भी तत्काल आरोपी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल को लाइन हाजिर कर सीओ सदर को प्रकरण की तफ्तीश सौंप दी। बावजूद व्यापारियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

**कार्रवाई**
- चेकिंग के दौरान हाथापाई का वीडियो हुआ वायरल
- एसएसपी ने लिया संज्ञान, फिर कर दी कार्रवाई


युवक का गिरेबान पकड़े चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल। ● अमृत विचार

## व्यापारियों का कोतवाली में हंगामा, लाइन हाजिर नहीं, निलंबन पर अड़े

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एक ओर जहां पुलिस प्रशासन ने चौकी प्रभारी प्रकरण में तत्काल लाइन हाजिर कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश करनी चाही, वहीं व्यापारियों ने कोतवाली का घेराव कर चौकी प्रभारी को निलंबित किए जाने का मुद्दा उठा डाला। उन्होंने आगाह किया कि यदि 24 घंटे के अंदर निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

गुरुवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप राव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों और युवाओं ने आदर्श कॉलोनी चौकी में हंगामा काटा और बाद में कोतवाली का घेराव किया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष का कहना था कि आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल की दबंगई और अभद्रता का यह कोई पहला मामला नहीं है। खटीमा और बाजपुर में तैनाती के दौरान भी इलाके के हालत बिगड़ गए थे। ऐसे में लाइन हाजिर होना कोई बड़ी कार्रवाई नहीं है।

आरोप था कि रुद्रपुर में कार्यभार ग्रहण करते ही सर्राफा व्यापारी से अभद्रता, व्यापारी नेताओं से बदसलूकी के अलावा अक्सर दरोगा विवादों में रहते हैं। ऐसे में कभी भी शहर का शांत वातावरण खराब हो सकता है। उन्होंने एसएसपी से फोन पर चौबीस घंटे के अंदर आरोपी चौकी प्रभारी को निलंबित करने का मुद्दा उठाया। ऐलान किया कि यदि जल्द ही मांग पूरी नहीं हुई तो पुलिस कार्यालय का घेराव कर धरना प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर विक्की सम्राट, अमरीक सिंह, जोंगेद्र सिंह, हरपाल सिंह, गुरविंदर सिंह, हरवीर सिंह, रवि अरोड़ा, इकबाल सिंह, जतिन नागपाल, मुदित गंभीर, अनमोल खुराना, प्रवीण बागा, सचिन मुंजाल, सोनू गगनेजा, मनीष ठुकराल, विक्की आहूजा, मनोज मदान, राजेश कामरा मौजूद रहे।


कोतवाली में धरना प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार


स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

### सिख युवा के साथ पुलिस की बदसलूकी से रोष

**गदरपुर :** रुद्रपुर में तैनात एक सब इंस्पेक्टर द्वारा चेकिंग के नाम पर सिख समाज के युवा के साथ की गई अभद्रता की वीडियो के वायरल होते ही सिख समुदाय में रोष फैल गया। गुरुवार को सिख समाज के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने पत्रकार वार्ता करते हुए सिख समुदाय के युवा के साथ हुए घटनाक्रम के मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए घटना पर खेद जताया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

### एसपी सिटी ने किया मौका मुआयना

**रुद्रपुर :** जब पुलिस अधिकारियों के फोन पर गुरुवार की सुबह चौकी प्रभारी की दबंगई की शिकायतों का दौर शुरू हुआ तो एसएसपी के आदेश पर एसपी सिटी मनोज कत्याल सबसे पहले जैन मंदिर मार्ग पहुंचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने चौकी आदर्श कॉलोनी आकर चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल से जानकारी जुटाई और व्यापारियों को कोतवाली बुलाकर वार्ता का प्रस्ताव दिया। दरोगा प्रकरण को लेकर एसपी सिटी दिनभर डैमेज कंट्रोल ही करते दिखे।

# मलसी गोलीकांड और पथराव प्रकरण में नौ नामजद गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 17 सितंबर को मोहम्मद हसन के घर पर हुए हमले व फायरिंग की घटना में कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने नामजद नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लोहे की राड व तीन डंडे भी बरामद किए हैं। साथ ही पुलिस ने चिह्नित आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गुरुवार को सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 17 सितंबर की देर रात्रि को दुष्कर्म के आरोपी मौलवी प्रकरण को लेकर गांव मलसी के ही कुछ लोगों का विवाद मोहम्मद हसन के साथ हो गया था। कारण मोहम्मद हसन का परिवार मौलवी के खिलाफ अदालत में पैरवी कर रहा था। इसको लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि संगठित होकर घर पर धावा बोल दिया और धारदार हथियार, लाठी डंडे व लोहे की राड से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया गया, जबकि घटना स्थल पर गोलीबारी होने के भी सबूत मिले हैं।

**मामला**
- 17 सितंबर की रात्रि को हुआ था गांव में खूनी संघर्ष
- लोहे की रॉड-डंडे बरामद, कई आरोपियों की तलाश

उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में मोहम्मद हसन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए कोतवाली पुलिस की टीम ने 18 सितंबर की शाम को मलसी निवासी कबीर अहमद, युसूफ अहमद, अरबाज अंसारी, मुख्तयार अहमद, आजम, रियाजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद हुसैन उर्फ बाबू, शाहिद अहमद और मोहम्मद नाजिम हुसैन को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से एक लोहे की राड, तीन डंडे भी बरामद किए।

सीओ ने बताया कि प्रकरण में अभी कई लोगों को चिह्नित किया जाना है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**काशीपुर:** सड़क किनारे पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम गजरौला सैद निवासी निपेंद्र सिंह ने आईटीआई पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई 30 वर्षीय जसवंत सिंह ट्रक कंटेनर चलाने का काम करता था। बताया कि 10 सितंबर को वह ट्रक कंटेनर लेकर बाजपुर आया था। इस बीच वह पैदल बाजपुर की ओर जा रहा था। तभी एक बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिना सूचना साइबर सेल पहुंचे एसएसपी

**निरीक्षण**
- साइबर शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- कहा-सजगता से ही साइबर अपराध को रोका जा सकता है

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस कार्यालय में बैठने से पहले अचानक साइबर सेल कार्यालय का निरीक्षण कर दिया। कप्तान को देख कार्यालय में तैनात कर्मचारी सकते में आ गए। इसके बाद एसएसपी ने दस्तावेजों के रखरखाव और शिकायती पत्रों पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए।

गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे एसएसपी ने साइबर सेल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले शिकायती पत्र रजिस्टर को देखा। साथ ही आदेशित किया कि शिकायती पत्रों का रखरखाव बेहतर होना चाहिए। इसके अलावा ऑनलाइन शिकायतों को तत्काल संबंधित बैंक या फिर थाना-चौकी को भेजें। साथ ही नाबालिग प्रकरणों की आने वाली शिकायतों को गंभीरता से देखें और साइबर तकनीक से पता कर निस्तारण करें। ताकि समय रहते साइबर अपराध की रोकथाम हो सके।

एसएसपी ने आदेशित किया कि वर्तमान में साइबर क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। ऐसे में साइबर सेल की सजगता ही साइबर अपराध को रोक सकती है। इस दौरान साइबर प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2024 तक 88 लाख से अधिक की धनराशि शिकायतकर्ताओं के खाते में वापस कराई जा चुकी है और सवा करोड़ के करीब खातों में होल्ड कर दी है। इसके अलावा नाबालिग प्रकरणों से जुड़े मामलों पर तत्काल कार्रवाई की जाती है।



साइबर सेल का निरीक्षण करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार


पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। ● अमृत विचार

### लोहा चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** ग्राम शिवराजपुर पट्टी में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के स्थल से सरिया चोरी कर रहे तीन युवकों को कर्मचारियों ने पकड़ लिया। कर्मियों ने तीनों युवकों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। ग्राम शिवराजपुर पट्टी में अतुल राही डिजाईन कंपनी प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कर रही है। सुबह सात बजे तीन युवकों ने निर्माण स्थल के टावर नंबर दो से स्क्रैप सरिया चुरा लिया। इस बीच गार्डों ने उनके कट्टे चेक किए तो उसमें के कंपनी का स्क्रैप सरिये के टुकडे, कुण्डे बरामद हुए। पूछने पर उन्होंने लोहा टावर नंबर दो से चुराना बताया। जिसके बाद कर्मियों ने तीनों युवकों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रोजेक्ट मैनेजर कलीम की तहरीर पर पुलिस ने जसपुर निवासी सलमान, नाजिम समीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

**शिकंजा** — आढ़ती पिता-पुत्र ने मजदूरों के फर्जी खाते खुलवाकर किया करोड़ों का लेनदेन

# कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** अपने यहां काम करने वाले मुंशी और पल्लेदार का फर्जी खाता खुलवाकर आढ़ती और उसके बेटे ने 2.87 करोड़ का लेनदेन किया। जब बैंक की ओर से टीम जांच करने पहुंची तो परिवार को जानकारी हुई। पुलिस से शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आढ़ती पिता रामऔतार गोयल व पुत्र मोहित गोयल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रामेश्वरी पत्नी धन सिंह निवासी-पिंडारी थाना सितारगंज ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसका पूरा परिवार मजदूरी करता है। उसके पति धन सिंह रामऔतार गोयल और उनके बेटे मोहित गोयल की राइस मिल/फर्म निरंजनलाल सत्यनारायन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सितारगंज में पल्लेदारी मजदूरी का कार्य करते थे। फर्म के मालिक रामऔतार गोयल ने उसके पुत्र को पल्लेदारी से हटाकर छोटा मुनीम बना दिया था। आरोप है कि पति व पुत्र के सीधेपन का फायदा उठाकर फर्म के मालिक व उसके पुत्र मोहित गोयल ने षडयंत्र के तहत कहा कि अनुसूचित जनजाति के भूमिहीन परिवारों की महिलाओं को सरकार आर्थिक मदद देने वाली है। तुम लोग खाते खुलवा लो पैन कार्ड में बनवा दूंगा। मोहित गोयल ने पूरे परिवार के पैन कार्ड भी बनवा दिए।

**धोखाधड़ी**
- आयकर विभाग की टीम पहुंची मजदूर परिवार के पास
- खुलासा होने पर पिता-पुत्र ने पीड़ितों को नौकरी से निकाला

इसके तहत 11 दिसंबर 2018 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सितारगंज में उनके पूरे परिवार के खाते खुलवा दिए गए। पूरे परिवार को विश्वास में लेने के लिए दोनों खातों में मोहित गोयल गवाह बना और बैंक के फार्म में हस्ताक्षर किए। खातों की पास बुक भी अपने पास रख ली। 2-3 माह बाद रामऔतार गोयल व मोहित गोयल ने पूरे परिवार के आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो यह कहकर ले लिये कि बैंक वाले पूरे परिवार के पेपर मांग रहे हैं। खाता खुलने के बाद सरकार से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली।

डेढ़ वर्ष बाद उसके घर बैंक के जांच अधिकारी आए और बताया कि उनके खातों में लाखों का लेनदेन हुआ है। उन्होंने इनकम टैक्स के पेपर मांगे। इस पर मालिक पिता-पुत्र से पूछने पर दोनों ने उसके पति और बेटे को डांट कर भाग दिया। साथ ही नौकरी से निकाल दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रामऔतार गोयल और मोहित गोयल पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।


व्यापारियों के साथ गोष्ठी करती कुंडा पुलिस। ● अमृत विचार

### कुंडा पुलिस ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी

**काशीपुर :** थाना कुंडा में पुलिस ने उद्योगपतियों व अस्पताल मालिकों समेत अन्य व्यापारियों के लिए गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में व्यापारियों से उनके क्षेत्र में हो रही अपराधों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को कुंडा थाना में हुई गोष्ठी में क्षेत्र के छोटे-बड़े व्यापारियों उद्योगपतियों व अस्पतालों के मालिक और कबाड़ का काम करने वाले, राइस मिलर, पेट्रोल पंप के मालिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एएसपी अभय प्रताप व थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने व्यापारियों से उनके क्षेत्र में अपराधों को लेकर चर्चा की। साथ ही व्यापारियों को उनके संस्थाओं के सामने आने जाने वाले रास्तों पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, सुरक्षा गार्ड की तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही आने जाने वाले लोगों की जानकारी के लिए रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं।

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिकं न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदनं न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

## संपादकीय

# समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

# लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।




हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है, क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी, लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर, उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है, मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं, लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है, तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही, हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं, धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे, जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो, वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।

## प्रसंगवश

# जेल और केजरीवाल

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था, तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था, किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया, किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत, नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे।

साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिलसिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो, ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

## सोशल फोरम

# भूतपूर्व एनजीओ

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है, जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

-फेसबुक वॉल से

# पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं, जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है, जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा, वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है, भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है, लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था, इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है, इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं, बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है, यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं, जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं, वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है, असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने, अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है, वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है, मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।

हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं, वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं, उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

# असंगत संवैधानिक परिकल्पना

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं, जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से, क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं, बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है, जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

## लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर अशोभनीय टिप्पणी से आक्रोशित कार्यकर्ता, जल्द माफी नहीं मांगने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कुछ दिनों पहले भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने और धमकी देने का मामला गरमाता जा रहा है। जिसके खिलाफ यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही भाजपा नेताओं ने माफी नहीं मांगी तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को महानगर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस रणजीत सिंह राणा के साथ युवा कार्यकर्ता डीडी चौक पर पहुंचे। जहां उन्होंने पुतला फूंक कर रोष जताया। उनका कहना था कि भाजपा के सहयोगी दल विधायक संजय गायकवाड़ एवं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा के कुछ नेताओं ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक एवं हिंसक बयानबाजी की थी। साथ ही जान से मारने की धमकी जैसे शब्दों का प्रयोग भी किया था।

वास्तविकता यह है कि गांधी परिवार आज भी दो-दो हत्याओं का दंश झेल रहे हैं, लेकिन देश की एकता व अखंडता को कभी टूटने नहीं दिया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही भाजपा नेताओं ने माफी नहीं मांगी तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मोनू निषाद, रविंद्र सागर परवेज कुरैशी, रविंद्र गुप्ता, जुनैद अहमद, इमरान सैफी, तारिक अहमद, दानिश खान, अजीम खान, सोहेल खान, रविंद्र सागर आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर के डीडी चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंकते यूथ कांग्रेसी। ● अमृत विचार


काशीपुर में एसएसआई को तहरीर देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### खटीमा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

**खटीमा :** नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के मंत्रियों और विधायकों द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भड़के कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार का पुतला फूंका। यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्य के नेतृत्व में मुख्य चौक पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य ने कहा कि हम कांग्रेस के सिपाही हैं और धमकियों से डरने वाले नहीं है। झूठ और फरेब के सामने डटकर खड़े रहेंगे। कांग्रेस पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर ने कहा कि बीजेपी के पास कोई संस्कार नहीं हैं और देश इन्हें माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से इनको माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक मुंडेला, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, नीरज सिंह कन्याल, दीपक मुंडेला, विक्रम वुगला, नासिर खान, वीरेंद्र राज, जगत भंडारी, विवेक, गौर सिंह राणा, मनीष राणा, मोहित राणा, सूरज राणा, हिमांशु भट्ट, प्रियांशु सोनकर, पवन कुमार, अंगद कुमार, शुभम भंडारी, राहुल बिष्ट, दीपेश कुमार, हैदर अली, देवेंद्र, अरविंद कुमार, पंकज बिष्ट आदि मौजूद रहे।


खटीमा में केंद्र सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राहुल गांधी को धमकी देने वाले नेताओं के खिलाफ सौंपी तहरीर

**काशीपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस को एक तहरीर सौंपी। गुरुवार को कांग्रेसियों ने कहा कि कांग्रेस के बीते दिनों शीर्ष नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा व भाजपा के सहयोगी नेताओं ने अनर्गल बयानबाजी कर खुलेआम जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा व भाजपा के सहयोगी नेताओं पर कार्रवाई को लेकर तहरीर सौंपी। इस दौरान मौके पर महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, मनोज जोशी, संदीप सहगल, उमेश जोशी, अरुण चौहान, अब्दुल सलीम एडवोकेट, अलका पाल, इंदुमान, रोशनी बेगम, जितेंद्र सरस्वती, महेंद्र वेदी, जय सिंह गौतम, रिजवान अंसारी, इदरीश अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सरकारी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर विरोध कर रहे हैं। कहा कि जल्द मांगें पूरी नहीं होने की दशा में चार अक्टूबर से कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

गुरुवार को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में चिकित्सकों ने बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध किया। इस मौके पर अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता ने बताया कि प्रोटेक्शन एक्ट का अनुपालन और उपयोग तथा प्रत्येक जिला तथा उपजिला चिकित्सालय में पुलिस तैनाती, पुलिस विभाग तथा गृह से संबंधित विचार हेतु समय मांगा गया। इन मांगों के संबंध में अपर सचिव स्वास्थ्य अनुराधा पाल के साथ सचिवालय में वार्ता भी की गई थी जिसमें आश्वासन के चलते निर्णय लिया गया कि कार्य बहिष्कार को दस दिन के लिए स्थगित रखा जाए, लेकिन आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा।

मांगे पूरी होने तक चिकित्सक काली पट्टी बांध कर कार्य करते रहेंगे और विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। सुनवाई न होने की दशा में कार्य बहिष्कार चार अक्टूबर से किया जाएगा। इस बीच अगले सप्ताह सचिवालय में पुनः बैठक के लिए आमंत्रित करने की बात भी कही गई है।


उपजिला चिकित्सालय में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध करते चिकित्सक।

## वार्ड तीन और पांच के बाढ़ पीड़ितों को मिले सहायता राशि

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनवर अहमद, झनकट मंडल के इलियास अली और अमानत हुसैन ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर वार्ड संख्या तीन और पांच में बाढ़ पीड़ितों को अहेतुक सहायता राशि के चेक उपलब्ध कराने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि 7 और 8 जुलाई को हुई भारी वर्षा से क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति में लोगों के घरों में पानी घुस गया और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। शासन प्रशासन द्वारा अन्य क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों को अहैतुक सहायता राशि दी गई है जबकि वार्ड संख्या तीन और पांच में आज भी लोग इस सहायता से वंचित हैं।

# सांड ने दो महिलाओं को गंभीर घायल किया

संवाददाता, काशीपुर

> मामला संज्ञान में आया है। बीडीओ को मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।
> – **अभय प्रताप सिंह**, एसडीएम, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम गोपीपुरा में एक सांड ने दो महिलाओं को टक्कर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना सुबह की बताई जा रही है, जब दोनों महिलाएं अपने घर के बाहर ही खड़ी थी।

गोपीपुरा की प्रधान रीना ने बताया कि बीते कई दिनों से गांव में पशुओं का डेरा बना हुआ है। यह पशु आते-जाते किसी भी व्यक्ति पर हमला कर देते हैं। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे एक सांड ने भानमति पत्नी प्रभुनाथ और इंद्रावती पत्नी फिरंगी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बताया कि भानमति अपनी घर वाली सड़क पर खड़ी थी। तभी सांड दौड़ता हुआ आया और उनपर हमला कर दिया। हमले में उनके कूल्हे और पैर पर गंभीर चोटें आई है। उसके बाद करीब 50 मीटर की दूरी पर अपने घर में खड़ी इंद्रवती को भी सींग मारकर पटक दिया, जिससे उनके सिर पर घाव हो गया। ग्रामवासियों ने आनन-फानन में दोनों घायल महिलाओं को एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उनका उपचार कर घर भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि एक महिला की कूल्हे पर गहरा घाव हो गया है, जबकि दूसरी महिला के सिर पर पांच टांके आए हैं।



खटीमा में राजीव नवोदय विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं चिकित्सक।

### राजीव नवोदय के बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**खटीमा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत टीम ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा में स्वास्थ्य परीक्षण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को न्यूट्रीशन, हाइजीन, स्वास्थ्य, हाथ धोने की विधि के बारे में बताया गया। नूपुर पांडेय ने बच्चों में वायरस से होने वाली बीमारियों और उनसे बचने के उपायों पर चर्चा की। फार्मासिस्ट अनीता ने बच्चों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी दी। शिक्षक रत्नाकर पांडेय ने स्वास्थ्य हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत समस्त आवासीय बच्चों का वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन टेस्ट हुआ और निशुल्क औषधि वितरित की गई।

## पांच दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप कल से

**जसपुर:** सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 की पांच दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप 21 से 25 सितंबर तक ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी के स्विमिंग पूल में आयोजित की जाएगी। उत्तर भारत के 26 अलग-अलग शहर से 1038 तैराक बालक-बालिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। क्षेत्र में इस तरह की यह पहली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। एकेडमी की प्रधनाचार्या मधु शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उत्तर भारत के 169 विद्यालयों के अंडर-11 से 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने प्रतियोगिता के लिए आवेदन किया है। प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जगह बनाने का अवसर देगा।

# स्वच्छता को लेकर निकाली रैली

▸▸ चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय ने किया आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने समेत स्वच्छता को लेकर जागरूक किया।

गुरुवार को आयोजित रैली कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह व डॉ. गीता मेहरा के नेतृत्व में महाविद्यालय से पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए मुख्य बाजार व महाराणा प्रताप चौक से होकर वापस महाविद्यालय पहुंची। रैली के दौरान स्थानीय फल विक्रेताओं को कागज की थैली वितरित कर प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, प्राची धौलाखण्डी, शीतल अरोरा, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. पुष्पा धामी आदि मौजूद रहे।



चंद्रावती कॉलेज से रैली निकालती महाविद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने किया निरीक्षण

▸▸ जलभराव की समस्या के निदान के दिए निर्देश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अनाज मंडी परिसर व टीचर्स कॉलोनी में होने वाले जलभराव के निदान के लिए गुरुवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने भाजपा नेता गौरव शर्मा, मंडी समिति सचिव कैलाश शर्मा, ईओ मनोज दास व व्यापारियों के साथ मंडी की आंतरिक रोड एवं अनाज मंडी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बंद नालों को खुलवाने व शौचालयों की साफ-सफाई कराने के निर्देश मंडी सचिव एवं नगरपालिका के ईओ को दिए। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बल्देव सिंह बड़ैच, निवर्तमान सभासद मुकुंद शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, तरुण गुलाटी, अश्विन गुलाटी, डा.जगदीश, श्याम सुंदर अग्रवाल, जयराम सिंघल, डा.जतिन उप्पल आदि मौजूद रहे। मंडी परिसर में करीब पौने दो करोड़ रुपये से आंतरिक सड़क का निर्माण हो रहा है। व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों ने गौरव शर्मा की अगुवाई में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पहले पानी निकासी का उचित प्रबंध करने की मांग एसडीएम से की थी।


अनाज मंडी परिसर का स्थलीय निरीक्षण करते एसडीएम आरसी तिवारी।

## शारीरिक शोषण करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**खटीमा :** एक माह पूर्व विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के मामले में नामजद पांच आरोपियों में से मुख्य आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। नगर क्षेत्र निवासी विधवा महिला ने 23 अगस्त को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और एक लाख 60 हजार देने के बाद भी मकान मांगने का आरोप शिव कॉलोनी निवासी रोहित सक्सेना पर लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने रोहित सक्सेना सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

# गोपीपुरा में गुलदार की दस्तक से दहशत

संवाददाता, काशीपुर

> गोपीपुरा आमपोखरा रेंज में आता है। वहां टीम भेजी गई है। पड़ताल के बाद उचित कार्यवाई की जाएगी। – **देवेंद्र रजवार**, वन क्षेत्राधिकारी, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम गोपीपुरा में गुलदार ने अपनी दस्तक दी है। बीती रात गुलदार ने एक कुत्ते का अपना निवाला बनाया।

गुरुवार को गोपीपुरा से एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें एक गुलदार कुत्ते को उठा ले गया। ग्राम प्रधान पति धर्मेंद्र से जानकारी लेने पर पता चला कि कुछ समय से गांव में गुलदार की दस्तक है। बीते कुछ दिनों से कुत्ते गायब हो रहे थे। जिसपर गांव के निवासी यामीन ने अपने घर पर सीसीटीवी कैमरा लगाया। बीते दिन फुटेज चेक करने पर पता चला कि गुलदार कुत्तों को अपना निवाला बना रहा है। फुटेज में दिख रहा है कि रात में तीन कुत्ते आंगन में बैठे हुए है।

तभी वहां गुलदार आ धमकता है और एक कुत्ते पर हमला कर देता है। अन्य कुत्ते उसे बचाने के लिए आते हैं लेकिन गुलदार उसे अपने मुंह में दबा कर ले जाता है। फुटेज देखने के बाद से गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सार-संक्षेप


जिला स्तर के लिए चयनित बालिकाओं की टीम व अध्यापक।

### जिला स्तरीय कबड्डी के लिए खिलाड़ियों का चयन

**शक्तिफार्म :** राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिताओं में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के 14 ,17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें जिला स्तर प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, लीला रौतेला, गोदावरी धामी, भारती चौहान , ललित जोशी, हरिशंकर यज्ञिक, त्रिलोचन जोशी, विरेन्द्र वोरा, विशाल आर्य आदि मौजूद थे।



खटीमा में धर्म जागरण समन्वय की बैठक में आरएसएस के ऋतुराज और अन्य।

### गाय व गंगा की रक्षा को सनातन धर्म को करें मजबूत

**खटीमा :** धर्म जागरण समन्वय के नगर और खण्ड की बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक ऋतुराज ने ली। बैठक में गाय, गंगा और भारत माता की रक्षा के लिए सब को एकजुट होकर सनातन धर्म को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को सुरक्षित रखने के लिए छुआछूत और भेदभाव को जड़ से खत्म करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएस मेहता, प्रांत प्रशासन संपर्क प्रमुख सुधीर बंसल, गुरदयाल, नरेश राणा, गणेश तिवारी, महेंद्र रस्तोगी, गोविंद राणा, भीम सिंह भगत, राहुल सक्सेना, श्याम लाल, बंटी सक्सेना, राम कुमार राणा, महेंद्र, टीका सिंह, अंजलि, सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।



जसपुर में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते क्षेत्रीय विधायक व अन्य।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**जसपुर :** स्वच्छता पखवाड़े के दौरान नगर पंचायत महुआडाबरा की ओर से श्री सांई शिक्षण संस्थान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, ईओ शिखा आर्य व कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर रूबी अली व कौशल आदि मौजूद रहे ।

### शोध छात्र दीपक बने असिस्टेंट प्रोफेसर


दीपक कुमार।

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र दीपक कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर बन गए हैं। लोक सेवा आयोग उत्तराखंड की ओर से आयोजित चयन प्रक्रिया में राजनीति विज्ञान विषय में सफल होने वाले विद्यार्थियों में दीपक शामिल हैं। वह राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.बृजेश कुमार जोशी ( वर्तमान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में कार्यरत) के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता चनुली देवी, पिता बहादुर राम, भाई लोकपाल आर्य और बहन दीपा को दिया है। शोध निर्देशक डा.बृजेश कुमार जोशी ने बताया कि वर्तमान में दीपक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में जूनियर रिसर्च फेलो और पीएचडी शोध छात्र के रूप में शोध कर रहे हैं।

### बिना बताए घर से चली गई युवती

**जसपुर :** एक युवती बुधवार को अपने परिजनों को बिना बताए घर से कहीं चली गई। उसके परिजनों ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर की गुमशुदगी दर्ज कर ली है और उसकी तलाश में जुट गई है । युवती के बिना बताए घर से चले जाने से उसके परिजन अत्यधिक चिंतित हैं।


खटीमा में प्रथम स्थान पाने वाली वंशिका के साथ प्रबंधन।

### वंशिका ने जीती प्रांत स्तरीय मूर्ति कला प्रतियोगिता

**खटीमा :** विद्या भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम अल्मोड़ा में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव मूर्ति कला प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे लाला नर सिंह दास मित्तल सरस्वती शिशु मंदिर झनकट में खुशी का माहौल है। विद्यालय के आचार्य परिवार एवं प्रबंध समिति द्वारा वंशिका को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं प्रबंध समिति द्वारा 1100 का नगद पुरस्कार उत्साह वर्धन हेतु दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ओमकार दत्त गहतोड़ी, आचार्य रूप देव भट्ट, कविता राणा, सरिता देवी, सरस्वती, हीरा देवी, ललित मित्तल, अध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष भूपाल सिंह कन्याल, ठाकुर सिंह जिमिवाल, तारा सिंह राणा आदि मौजूद थे।

### जोगेश्वर महादेव शिव मंदिर कमेटी के अंकुर बने अध्यक्ष



**सुल्तानपुर पट्टी :** नगर के जोगेश्वर महादेव शिव मंदिर कमेटी ने एक बैठक की। इसमें कमेटी द्वारा आय -व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके बाद मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पद पर चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से अंकुर अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। मौके पर शिवकुमार गुप्ता, रूपकिशोर मौर्य, अनिल गुप्ता, रामअवतार चंद्रा, अजय गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, नारायण सिंह, प्रेमप्रकाश चंद्रा, रोहित अग्रवाल, गिरीश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में दिलाई स्वच्छ भारत की शपथ

**बाजपुर :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्कूलों में शपथ दिलाई गई। पीएमश्री राकइंका में बच्चों को जागरुक किया गया। पीएमश्री राकइंका में प्रधानाचार्या मीता बोस ने बालिकाओं को जागरुक करते हुए कहा कि स्वच्छता में एक मां, बेटी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है, क्योंकि घर स्वच्छ हो तो परिवार स्वच्छ हो जाता है। इस मौके पर इंदिरा पांडेय, परमजीत कौर, सुनीता डोभाल, गीतांजलि आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



आम बैठक में मंचासीन ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ और अन्य। ● अमृत विचार

### शिक्षा राणा को पुनः कलस्टर का अध्यक्ष चुना

**खटीमा** : जीवन ज्योति कलस्टर स्वायत्त सहकारिता की वार्षिक बैठक में 10 लाख के टर्नओवर का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसमें 33 प्रतिशत के लाभांश पर क्लस्टर से जुड़े ग्राम संगठनों सहित 115 समूहों को बधाई दी। आम बैठक में सर्व सम्मति से शिक्षा राणा को पुन : कलस्टर का अध्यक्ष चुना गया। कंजाबाग रोड स्थित प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी एवं खंड विकास अधिकारी नवीन चंद्र उपाध्याय ने जीवन ज्योति कलस्टर के कार्यों की सराहना की। जिला परियोजना प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने पांच वर्ष के कार्यकाल में क्लस्टर के लेन देन, व्यापार और आयामी योजना की जानकारी दी।वार्षिक बैठक में सीएमएम तौफिक मियां, नागेंद्र पटेल, सोमनाथ मौर्य, ग्राम प्रधान क्लस्टर अध्यक्ष शिक्षा राणा, जानकी गोस्वामी आदि मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के साथ ही शारदा राणा को कोषाध्यक्ष एवं मंजू बिष्ट को सचिव चुना गया।

### ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित व्यक्ति की मौत



नफीस (फाइल फोटो)।

**जसपुर** : समीपवर्ती गांव राजपुर निवासी नफीस (40 वर्ष) पुत्र भूरे खां करीब 2 वर्ष से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित था। उन्हें उपचार हेतु दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को गमगीन माहौल में उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। गांववासियों व आसपास के लोगों ने उनके जनाजे में बड़ी संख्या में पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया।

### नगला बाईपास से गोलगेट तक स्ट्रीट लाइट की मांग

**पंतनगर** : जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा ने नगला नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर नगला बाईपास से गोलगेट के बीच स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। शर्मा ने पत्र में कहा कि इस नव सृजित नगरपालिका परिषद में बड़ी संख्या में जनता निवास करती है। नगला में हल्द्वानी मार्ग से किच्छा मार्ग की ओर सड़क किनारे वर्षों पुराने विद्युत पोल लगे हैं। साथ ही यहां के समस्त आवास एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में विभाग ने विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। व्यापारियों एवं आम जनता की सुख सुविधा का ध्यान रखते हुए आवश्यक है कि रात्रि में अंधेरा दूर करने के लिए सभी विद्युत् पोलों पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए।

### खेत में अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**काशीपुर** : रामनगर रोड स्थित एक खेत में अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गुरुवार को रामनगर रोड स्थित खेत में काम करने गए लोगों ने अज्ञात शव दिखने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खेत से निकालकर कब्जे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में भेज दिया है।



खटीमा में आयोजित रक्तदान शिविर में छात्राओं के साथ सांसद अजय भट्ट।

### शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

**खटीमा** : सेवा पखवाड़ा के तहत केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान किया। केआईटीएम डिग्री कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने किया। रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी की। सांसद भट्ट ने कॉलेज परिसर का दौरा किया और विभिन्न विभागों के छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने केआईटीएम के छात्रों द्वारा दिखाई गई जीवंत ऊर्जा और समर्पण पर प्रसन्नता व्यक्त की। सांसद भट्ट ने शिक्षा और विकास में योगदान के लिए संस्थान के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट और निदेशक ज्योति बिष्ट की सराहना की। रक्तदान शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान उप जिला चिकित्सालय से गौरव मेवाड़ी, राहुल गंगवार, अल्का भट्ट, डॉ. विवेक कुमार सक्सेना, इंदर नाथ गोस्वामी, शशांक बिष्ट मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते नगरवासी। ● अमृत विचार

### टाइल्स रोड व नाला निर्माण की मांग उठाई

**बाजपुर** : एसडीएम कार्यालय पहुंचे कुछ नागरिकों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपकर नगरपालिका परिक्षेत्र के विभिन्न वार्डों में टाइल्स रोड व नाला निर्माण करवाने की मांग की है। इस मौके पर निवर्तमान नामित सभासद विमल शर्मा, ललित कोच्छड़ वायटी, अभिषेक सागर, देवेंद्र राय, दीपक श्रीवास्तव, शंकर सैनी, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बार के पूर्व उपाध्यक्ष पर ताना रिवाल्वर

## साथी अधिवक्ताओं ने एक आरोपी को दबोचा, दूसरा फरार, रिवाल्वर भी लिया कब्जे में

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष के चैंबर पर पहुंचे दो व्यक्तियों ने उनके साथ अभद्रता की। इस दौरान एक व्यक्ति ने उन पर रिवाल्वर तान दिया। शोर होने पर साथी अधिवक्ताओं ने एक व्यक्ति को मौके पर ही धर दबोचा। जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक केस दर्ज नहीं हो सका है।

आवास-विकास कालोनी निवासी अंशुमान सिंह कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। उनके पास ग्राम हल्दुआ, रामनगर निवासी एक व्यक्ति का केस है। कोर्ट में केस के सिलसिले में बात करने के लिए वह बुधवार को अधिवक्ता अंशुमान के चैंबर पर आया था। इस दौरान उसने अभद्रता करते हुए धमकाया था। गुरुवार को वह अपने एक साथी को लेकर फिर से उनके चैंबर पर आया।

आरोप है कि दोनों ने अधिवक्ता अंशुमान के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें धमकी दी। गाली गलौज करने से मना करने पर वे आगबबूला हो गए। उनमें से एक व्यक्ति ने अपने थैले से रिवाल्वर निकालकर अधिवक्ता की कनपटी पर सटा दिया। पास बैठे दूसरे अधिवक्ताओं ने उससे रिवाल्वर छीना। अधिवक्ताओं के एकत्र होने पर एक आरोपी मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसका रिवाल्वर भी कब्जे में ले लिया है। इस मामले में अधिवक्ता अंशुमान की ओर से तहरीर दी गई है। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# राइस मिलरों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 को

संवाददाता, रुद्रपुर

**तैयारी**

- आरएफसी विभाग ने शुरू की धान खरीद की तैयारी
- तराई में एक अक्टूबर से शुरू होनी है धान की खरीद

**अमृत विचार:** तराई में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होनी है। इसको लेकर आरएफसी विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। धान खरीद के लिए राइस मिलरों से आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 सितंबर रखी गयी है। वहीं क्रय केंद्रों पर कर्मचारियों के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

तराई में विगत वर्षों की भांति इस बार भी एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो जाएगी। शासन से अभी तक धान खरीद को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। इसके अलावा आरएफसी विभाग ने किसानों से धान खरीदने के लिए राइस मिलरों की सूची भी जारी नहीं की है। हालांकि विभाग की ओर से राइस मिलरों की सूची तैयार करने की तैयारी की जा रही है। राइस मिलरों से आवेदन भी मांगे गये हैं। आवेदन की अंतिम 21 सितंबर तय की गयी है।

आरएफसी विभाग के डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार ने बताया कि सभी राइस मिलरों से आवेदन मांगे गये हैं। इसके अलावा क्रय केंद्रों में श्रमिकों को लेकर सारी औपचारिकताएं विभाग की ओर से पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि क्रय केंद्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी की सूची भी तैयार कर ली गई है। जल्द ही सभी कर्मचारियों को क्रय केंद्रों की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया है कि क्रय केंद्रों पर कोई लापरवाही न बरती जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को दिया नोटिस

संवाददाता, गदरपुर

**नर्स हत्याकांड**

- मृतका के परिजनों ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

**अमृत विचार:** नर्स हत्याकांड के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। नर्स के परिजनों ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

मृतका की बहन ने बताया कि जमीयत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरसद मदनी के द्वारा किए गए प्रयासों से आज उनकी बहन के हत्याकांड मामले का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास है और जल्द ही उन्हें न्याय मिलेगा। जमीअत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की टीम ने मृतका नर्स के परिजनों से संपर्क साधा और इस मामले को वरिष्ठ अधिवक्ता नित्य रामाकृष्ण के सहयोगी अन्य अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण रखा जहां से सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया है।

# रुद्रपुर में खुला रेलवे श्रमिक संघ का कार्यालय

संवाददाता, रुद्रपुर

- गोरखपुर जोन इज्जतनगर मंडल का है ऑफिस
- यूनियन अध्यक्ष व सचिव ने किया शुभारंभ

**अमृत विचार:** गोरखपुर जोन इज्जतनगर मंडल का भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ यूनियन का रुद्रपुर स्थित रेलवे स्टेशन में कार्यालय खुल गया है। इसका उद्घाटन यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष मणि निषाद, गोरखपुर जोन अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता व सचिव रामनाथ शर्मा, इज्जतनगर मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह चौहान ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान इज्जतनगर मंडल अध्यक्ष चौहान ने कहा कि भारत सरकार रेल मंत्रालय द्वारा दी गई सुविधा को लेने के लिए मजदूरों के दस्तावेज जल्द पूर्ण कर यूनियन को सौंपने होंगे। ताकि रेल मंत्रालय से यूनियन की मांग समान वेतन, चिकित्सा, आवास, शिक्षा, पेंशन, रेल पास सहित 14 मांगों को लागू कर सके। वहीं मंत्रालय में होने वाली त्रिपक्षीय बैठक के समय पर चर्चा की जाएगी।

बैठक के बाद कार्यालय पर रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के मेठो और श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। श्रमिकों ने यूनियन नेताओं के समक्ष अपनी समस्याओं को भी रखा। जिस पर नेताओं ने इज्जत नगर मंडल अध्यक्ष चौहान को संगठित होकर यूनियन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडल प्रभारी हेमंत कुमार गौतम, मो. रिजवान, ललित गंगवार, करण अरोड़ा, सोमपाल कोली, दिनेश कुमार, विकास कुमार राय, साक्षी चौधरी, काजल राय, संजय ढाली, कार्तिक रौतेला, बजरंगी लाल, मो इस्लाम, मो.साहिल, राधे श्याम, कल्लू, रामनाथ, फूल सिंह, दिनेश, अमित कुमार, राहुल राय, अंकुर यादव, विशेष कुमार, सर्वेश राठौर आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में कार्यालय के उद्घाटन के बाद बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पायल और हर्ष हुए राष्ट्रीय बॉक्सिंग के लिए चयनित





**खटीमा** : नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी मैम के दो खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई नॉर्थ जोन- 1 की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अंडर 17 में चयनित पायल कापड़ी और अंडर 19 में चयनित हर्ष सिंह सहित अंडर 19 में कांस्य पदक जीतने वाले ऋषभ थापा और राजवीर सिंह को प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बधाई दी है।



उत्तराखंड के प्रमुख नगरों में गिने जाने वाले नगर जसपुर में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। गंदगी का यह नजारा जसपुर की ठाकुरद्वारा चुंगी के पास से बहने वाली नहर का है। ● सुशील चौहान

# शांतिपुरी में झील में तब्दील हुईं सड़कें

**शांतिपुरी:** शांतिपुरी नंबर एक में गांव की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण झील में तब्दील हो गई है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के मुख्य सड़क पर भारी भरकम गड्ढे बने हुए हैं। जो बीते दिनों हुई भारी बारिश से झील में तब्दील हो गए हैं। आलम यह है कि स्कूली बच्चों, बीमार, तीमारदार एवं ड्यूटी आने जाने वाले लोगों को घर से बाहर आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान विमला जोशी का कहना है कि क्षतिग्रस्त सड़क की मरमत के लिए कई बार शासन प्रशासन एवं स्थानीय विधायक को लिखित रूप से मांग करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, दीवान सिंह थापा, चंद्र मोहन जोशी, केशव पखवाल, नवीन चंद, प्रेम सिंह चौहान, कमल ठठोला, सौरभ पांडा, विजेंद्र जोशी, पूर्व सैनिक कमलेश जोशी आदि ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।



शांतिपुरी नंबर एक में झील में तब्दील हुई गांव की सड़क से निकलते राहगीर।

## वर्ग पहेली-197

**बाएं से दाएं**

3. 1. जनसाधारण की नि :स्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।
7. 1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।
8. निचली मिट्टी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दीया
2. 1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।
3. जनकल्याण, जनता की भलाई।
4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है
6. 1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।



**वर्ग पहेली -196 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | रां | त | क | | 2 रु |
| | | | | | का |
| 3 प | | | 4 नि | | व |
| 5 रि | टा | य | र | में | ट |
| धा | | | व | | |
| नी | | | 6 का | 7 ज | ल |
| य | | 8 रा | श | न | |

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 1 | | 2 | | |
| 7 | 5 | | 8 | | | | 1 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 3 |
| | | | 7 | | 5 | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | | 3 | | 7 |
| | 4 | | 3 | | 1 | 6 | | |
| 9 | | | | 7 | | 8 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 4 | 1 |
| | | 5 | | 3 | | | | 6 |

**सुडोकू - 109 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** — आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुन : शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** — आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन** — आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

**सिंह** — आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

**कन्या** — आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

**तुला** — आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

**धनु** — आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**मकर** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

**कुंभ** — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** — आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार — सुबह : 09.00
- रंग — शाम : 06.00

**Sony Pix**
- जिओ स्ट्राम — सुबह : 11.03
- जॉन विक : चैप्टर 3 — रात : 09.00

**&pictures**
- घूमर — सुबह : 10.50
- सजनी शिंदे का वायरल वीडियो — रात : 08.00

**Zee Cinema**
- अंतिम — सुबह : 11.29
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- प्लेयर्स — सुबह : 10.16
- आदमी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# ग्रामीणों ने उठाए कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

## राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली-बागेश्वर में इन दिनों कठपुड़ियाछीना से बागेश्वर तक किया जा रहा है चौड़ीकरण का कार्य

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** एनएच द्वारा बागेश्वर-बरेली मोटर मार्ग में चौड़ीकरण के दौरान गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से गुणवत्ता पर ध्यान देने की मांग की जा रही है परंतु प्रशासन व जनप्रतिनिधि सुध नहीं ले रहे हैं। जिपं सदस्य चंदन रावत ने एक बार फिर प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली-बागेश्वर में इन दिनों कठपुड़ियाछीना से बागेश्वर तक चौड़ीकरण किया जा रहा है। कार्य प्रारंभ होने के बाद से ही यहां गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगता रहा है। कार्य कर रहे कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी हमेशा यह खुलेआम कहते रहे हैं कि उनकी सेटिंग हर जगह रहती है कोई कुछ नहीं कर सकता है। विगत माह जिपं सदस्य चंदन रावत ने दीवार की नींव डालने के दौरान प्रयोग किए जा रहे रेता बजरी पर सवाल उठाए परंतु किसी ने इसकी सुध नहीं ली। वहीं ठेकेदार द्वारा अब भी मिट्टी मिली रेता बजरी का उपयोग किया जा रहा है। जिपं सदस्य चंदन रावत समेत सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार, हरीश चंद्र, किशन सिंह दानू ने बताया कि एनएच ठेकेदार द्वारा खुलेआम सीमेंट की बजाय गारे मिट्टी की दीवार बनाई जा रही है जिस पत्थर का भी प्रयोग किया जा रहा है वह भी हल्की गुणवत्ता का पत्थर है। जिससे कार्य पर सवाल उठ रहे हैं। कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह इसकी जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।



एनएच में सुरक्षा दीवार में प्रयोग की जा रही सामग्री। ● अमृत विचार

### पोकलैंड की अनुमति पर सवाल

कार्यदायी संस्था द्वारा चौड़ीकरण के दौरान पोकलैंड का प्रयोग भी प्रश्न बना हुआ है। आबादी का क्षेत्र होने के कारण ऐसे स्थानों पर भारी मशीनों का प्रयोग नहीं किया जा सकता है परंतु यहां पर ठेकेदार द्वारा भारी मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। खान अधिकारी जिज्ञासा बिष्ट ने बताया कि स्थानीय स्तर पर कार्यदायी संस्था ने मशीनों के प्रयोग की अनुमति नहीं ली है परंतु इसका पता लगाया जा रहा है। बता दें कि कंपनी द्वारा मशीनों के प्रयोग से कई घरों में कंपन पैदा होने की शिकायत है।

### बोले अधिकारी

एनएच में गुणवत्ता का प्रयोग न होने की शिकायत मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी। यदि गुणवत्ता पर कमी पाई गई तो अधिकारियों समेत कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-आशीष भटगांई, जिलाधिकारी बागेश्वर**



नागरिक चिकित्सालय की दीवार का निरीक्षण करते क्षेत्रीय विधायक व अन्य।

### सुरक्षा दीवार के निर्माण में कोताही न बरतें: नैनवाल

**रानीखेत, अमृत विचार :** नागरिक चिकित्सालय रानीखेत की क्षतिग्रस्त दीवार का विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा दीवार के काम में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने नागरिक चिकित्सालय परिसर की सुरक्षा दीवार जो पिछले दिनों बरसात से ढह गई थी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पहुंचे लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अधिकारी तुलाराम को निर्देश दिया कि चिकित्सालय की क्षतिग्रस्त दीवार के कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जाए। निर्माण कार्य के दौरान ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था भी ठीक ढंग से की जाए। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि आपदा मद से इस कार्य हेतु धनराशि आवंटित की जाएगी इसके लिए वह भरपूर प्रयास करेंगे। इसके उपरांत उन्होंने चिकित्सालय में जाकर मरीजों का हाल-चाल पूछा। उन्होंने चिकित्सालय के अधीक्षक संदीप दीक्षित का निर्देश दिये कि पर्ची काउंटर में दो कर्मचारियों को तैनात किया जाए। जिसमें एक महिलाओं और वृद्धजनों की पर्ची काटेंगे तो दूसरा कर्मचारी आम मरीजों की पर्ची काटने का काम करेंगे। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद, छावनी सभासद मोहन नेगी, रामेश्वर गोयल आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

## अल्मोड़ा में नाबालिग से दुष्कर्म, परिजनों ने कराया मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** हवालबाग विकासखंड के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की तहरीर पर राजस्व पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील अल्मोड़ा के क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय नाबालिग की 13 सितंबर को अचानक तबियत बिगड़ गई। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला मुख्यालय स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां जांच में नाबालिग छह माह की गर्भवती पाई गई। बताया जा रहा है कि नाबालिग ने दवा का सेवन किया था, जिससे छह माह का भ्रूण गर्भ में मरा हुआ मिला।

नायब तहसीलदार दीवान सिंह सलाल ने बताया कि नाबालिग का उपचार चल रहा है। फिलहाल नाबालिग की स्थिति ठीक है। उन्होंने बताया कि नाबालिग के परिजनों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर एबीवीपी मुखर

संवाददाता, अल्मोड़ा

- कुलपति को ज्ञापन सौंप जल्द निराकरण की उठाई मांग
- मांग पूरी नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में छात्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को एबीवीपी मुखर हो गई है। गुरुवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा। जल्द मांगों का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि परिसर में एसएसजे विवि में आए दिन परीक्षा परिणामों में खामियों के चलते छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे जल्द ठीक किया जाना चाहिए। वहीं, कार्यकर्ताओं ने विवि का दीक्षांत समारोह कराने, पीएचडी के छात्रों की आरडीसी जल्द कराने, लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई करने, परिसर के खेल मैदान को दुरस्थ करने समेत कई समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में भारतेंदु कांडपाल, करिश्मा तिवारी, राहुल कुमार, राहुल कनवाल, रितिक नेगी, कार्तिक जोशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समस्याओं के निराकरण के लिए कुलपति को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

## सार-संक्षेप



स्वच्छता अभियान में पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करते अधिकारी।

### सीमा सुरक्षा बल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रानीखेत :** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान में उप महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल रानीखेत के दिशा निर्देशन में विशेष अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में रानीखेत के जलस्रोत रानीझील के आसपास के परिसर में रानीखेत छावनी परिषद, स्थानीय प्रशासन, स्थानीय नागरिकों एवं स्वच्छता के सिपाहियों के साथ मिलकर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों व जवानों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों व जवानों ने छावनी परिषद रानीखेत के स्वच्छता के सिपाहियों को माल्यार्पण और मिष्ठान वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

### चारा लेने गई महिला की पेड़ से गिरकर मौत



**टनकपुर :** मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गई एक महिला की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार की सुबह नगर से लगे गांव नायकगोठ की 36 वर्षीय त्रिलोकी देवी पत्नी दीपक सिंह अन्य महिलाओं के साथ चारा लेने जंगल गई थी। इसी दौरान पेड़ से चारा काटते वक्त संतुलन बिगड़ने से महिला नीचे गिर गई। साथी महिलाओं ने इसकी जानकारी महिला के परिजनों को दी। बुरी तरह घायल महिला को टनकपुर उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद त्रिलोकी देवी को मृत घोषित कर दिया। दरोगा सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि महिला के सिर के पीछे हिस्से में गंभीर चोट थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कार्की फार्म में घर पर संदिग्ध हालात में मृत मिला बुजुर्ग



**टनकपुर :** नगर के कार्की फार्म में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग अपने घर में संदिग्ध हालात में मृत मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद रिश्तेदारों को सौंप दिया। एसएसआइ सुरेंद्र कोरंगा ने बताया कि कार्की फार्म कालोनी स्थित अपने मकान में 65 वर्षीय बुजुर्ग राजेंद्र सिंह पुत्र स्व. शंकर सिंह अकेले रहते थे। गुरुवार की सुबह दूध वाला रोज की तरह दूध लेकर गया तो बुजुर्ग ने दरवाजा नहीं खोला। दूध वाले ने संदेह होने पर इसकी सूचना पड़ोसियों को दी। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर वृद्ध मृत पड़े हुए थे। एसएसआइ कोरंगा ने बताया कि मृतक मूल रूप से खटीमा नदन्ना के रहने वाले है। बताया जाता है कि कोरोना काल में पत्नी की मौत हुई थी जबकि उनका एकलौता पुत्र मुंबई में रहता है।

### संकुल स्तरीय खेल कूद में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अल्मोड़ा :** राइंका में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत सुलेख, दौड़, कबड्डी, खो-खो, अंताक्षरी आदि खेल आयोजित किए गए। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल समन्वय दीपक वर्मा ने बताया कि संकुल खत्याड़ी की खेल प्रतियोगिता में पहले दिन प्राथमिक व जूनियर वर्ग की हिन्दी व अंग्रेजी सुलेख, मानत्रित, 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़, बालक-बालिका वर्ग की कबड्डी, खो-खो, अंताक्षरी आदि संपन्न कराई गई। बताया कि खेल प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों की घोषणा 20 सितंबर को किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता संपन्न कराने में अल्का अधिकारी, किरन आर्या, देवेंद्र टम्टा, हेमंत जोशी, रमेश गुरुरानी, गायत्री बिष्ट, पूनम बोरा, मीनाक्षी विनोद, चंपा गोस्वामी, हिमांशु तिवारी, दीपा वर्मा, रेखा जोशी, निर्मला, राधिका आदि ने सहयोग किया।

### ताइक्वाडों में चन्द्रकला नेहा, सुनीता ने बाजी मारी

**अल्मोड़ा :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एनटीडी में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें अलग-अलग भार वर्ग में चन्द्रकला, नेहा, सुनीता ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या विनीता मेहता ने किया। इसके बाद प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग के 26 से 29 किलो भार वर्ग में आर्य कन्या इंटर कॉलेज की चंद्रकला जोशी, 35 से 38 किलो में राकइंका एनटीडी की नेहा जोशी और 38 किलो भार वर्ग में सुनीता गोस्वामी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यहां खेल समन्वयक पंकज टम्टा, बेबी जैड़ा, कनिष्का भंडारी, महेश भंडारी, जगदीश गोस्वमी, पंकज मेर, संजय डेनियल, नीरू पांडे, प्रतिभा आदि रहे।

### वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

**बनबसा :** पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस टीम के द्वारा आरोपी दीपक कुमार उर्फ माकड पुत्र राकेश लाल निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वाली गली थाना बनबसा चम्पावत, उम्र-29 वर्ष के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और एमबी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम में एसआई जितेन्द्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल मदन नाथ शामिल थे।

# कंचन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशक का मिला खिताब

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के रानीधारा निवासी युवा फिल्म लेखक-निर्देशक कंचन पंत को स्पेन के प्रतिष्ठित इमेजिन इंडिया फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड मिला है। कंचन पंत को ये अवार्ड उनकी फिल्म 'डियर लतिका' के लिए दिया गया है। स्पेन के मड्रिड शहर में फिल्म फेस्टिवल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, चीन, फिलीपीन्स, ब्रिटेन और जर्मनी सहित दुनिया के कई देशों की सैकड़ों फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई।



फिल्म डियर लतिका उत्तराखंड के परिवेश में बनी फिल्म है। जिसका फिल्मांकन अल्मोड़ा सहित नैनीताल के क्षेत्र में किया गया है। जिसे कंचन पंत ने लिखा है। डियर लतिका इसके पहले एनएफडीसी फिल्म बाजार, मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल, न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल और त्रिसूर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में दर्शकों और क्रिटिक्स का दिल जीत चुकी है। बेहद कम बजट में बनी ये फिल्म कंचन पंत की पहली फीचर फिल्म है। इस उपलब्धि पर त्रिलोचन जोशी, मनोज सनवाल, नवीन बिष्ट, मनमोहन चौधरी, मनोज सिंह पवार, हरेन्द्र वर्मा, केवल सती, हेम चन्द्र जोशी, हरीश जोशी, अमित साह आदि ने खुशी जताई।

# मेरा सपना-मेरा लक्ष्य कार्यक्रम किया आयोजित

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिले में म्यर स्वैण-म्यर लक्ष्य कार्यक्रम की अभिनव पहल का शुभारंभ किया। डीएम के नवाचार सोच के तहत संचालित कार्यक्रम के तहत बालिकाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारा जाएगा। बालिकाओं को कलेक्ट्रेट कार्यालय के साथ ही विकास भवन में संचालित कई विभागों की कार्यशैली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जरूरी जानकारी दी जाएगी।



म्यर स्वैण-म्यर लक्ष्य कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के साथ जिलाधिकारी।

गुरुवार को शिक्षा विभाग व महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी कार्यालय में मेरा सपना-मेरा लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बालिकाओं के साथ संवाद किया तथा उनके सपनों को जाना। जिसमें अधिकांश बालिकाओं द्वारा शिक्षक, डॉक्टर बनने के साथ ही खेल, सेना, आईपीएस, आईएएस बनने का सपना और लक्ष्य बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों एवं दूर दराज की बालिकाओं के सपने और लक्ष्यों की जिज्ञासा को जानने के साथ ही उन्हें सरकारी तंत्र के अनेक विभागों को जानने और समझने के लिए जिले में इस अभिनव पहल शुरूआत की गयी है। इससे बालिकाओं के सपने और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके तहत जनपद में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को विभागीय कार्यशैली और उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न जानकारियां दी जाएगी तथा आवश्यक मार्गदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जिला खान अधिकारी जिज्ञासा बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल, अपर चिकित्साधिकारी अनुपमा ह्यांकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजुलता यादव, शीतल पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी गरुड़ कमलेश्वरी मेहता सहित अन्य महिला अधिकारी व विभिन्न विद्यालयों की बालिकाएं मौजूद थी।

## चेकिंग के दौरान पांच चालकों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** वाहनों पर रंग-बिरंगी लाइटें लगाना चालकों को भारी पड़ गया। चेकिंग के दौरान भतरौंजखान पुलिस ने रंग-बिरंगी लाइटें लगाकार वाहन दौड़ाने पर पांच चालकों पर कार्रवाई की। चालकों को सख्त हिदायत देकर वाहनों में लगे लाइटों को भी उतारा।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। थानाध्यक्ष भतरौंजखान सुशील कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बहुरंगी लाइटें लगाकर अन्य वाहन चालकों के लिये खतरे का सबब बन रहे पांच वाहनों की रंग-बिरंगी लाइटों को उतारकर चालानी कार्रवाई की गई।



अजय टम्टा से मुलाकात करते हिल्स कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े ठेकेदार।

### केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा को गिनाई समस्याएं

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अल्मोड़ा भ्रमण पर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से हिल्स कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े ठेकेदारों ने मुलाकात की। समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। मौके पर ठेकेदारों ने कहा पंजीकृत ठेकेदार आज भी कई समस्याओं से जुझ रहे हैं। ठेकेदारों ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए निविदाएं छोटी लगाने, फेज प्रथम और फेज द्वितीय के कार्य छोटे हिस्सों में कराने, पांच करोड़ तक के कार्य सिंगल बिड में लगाने, 10 करोड़ तक के कार्य राज्य के मूल निवासियों को ही देने, समय पर भुगतान करने, पूर्व की तरह पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने, केंद्र पोषित योजनाओं के कार्यों को स्थानीय ठेकेदारों को ही देने की मांग उठाई। यहां प्रयाग सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, संदीप श्रीवास्तव, गोपाल सिंह चौहान, अकरम खान, सुरेंद्र बेलवाल, देवेंद्र, पूरन आदि रहे।

# शहीद मोहन चंद को किया याद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** दिल्ली के बाटला हाउस एनकाउंटर में शहीद इंस्पेक्टर मोहन चंद्र शर्मा की 16 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। गुरुवार को पैतृक गांव तिमिलखाल शहीद स्मारक पर विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकताओं ने उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



चौखुटिया के तिमिलखाल में गुरुवार को शहीद शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग।

शहीद मोहन चंद्र शर्मा जन कल्याण एवं विकास समिति तिमिलखाल की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में वक्ताओं ने उनके अदम्य साहस की सराहना की। कहा मरणोपरांत अशोक चक्र सहित विभिन्न सम्मान से नवाजे गए लेकिन क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। दिल्ली बटला हाउस में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में इंस्पेक्टर मोहन घायल हो गए थे। इलाज के दौरान 19 सितंबर 2008 को उनका स्वर्गवास हो गया था। यहां कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष चंद्रप्रकाश, जगदीश, गजेंद्र नेगी, त्रिलोक सिंह, हरीश चन्द्र मासीवाल, नंदन सिंह नायक, हरीश मासीवाल, हीरा बल्लभ, बहादुर सिंह, राम सिंह, हीरा सिंह, खुशाल बिष्ट, नंदकिशोर, हेम कांडपाल, हीरा बिष्ट, गणेश नायक, गोपाल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विस अध्यक्ष का योजनाओं में अनियमितता बरतने का आरोप

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जागेश्वर विधानसभा की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को पूर्व विस अध्यक्ष ने समस्याओं के निराकरण को लेकर जल निगम अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। पेयजल योजनाओं से पानी आपूर्ति नहीं होने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा कि विस क्षेत्र के कपकोट लमगड़ा ग्राम समूह पंपिंग योजना का मूल स्रोत सत्ता के दबाव में आकर ऐसे स्थान पर परिवर्तित कर दिया गया है जहां गर्मियों के समय ना के बराबर पानी आता है। इससे लमगड़ा बाजार, कपकोट, गोलीमहर, धूरासग्रोली, ध्यूली रौतेला, दुवरौली, जाख तिवारी, गैलाकोट आदि गांवों को पानी नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कपकोट लमगड़ा ग्राम समूह पंपिंग योजना से पानी आपूर्ति वाले गांवों का निरीक्षण करने, निर्माण में देरी का कारण बताने, साल बीतने के बाद भी आईबीएल पंपिंग हाउस का कार्य शुरू नहीं होने का कारण बताने की मांग की। अन्यथा 27 सितम्बर को प्रदर्शन की चेतावनी दी।

## उत्तर प्रदेश

# खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक बने जुनैदी मियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शब्बू मियां के चालीसवें की फातिहा के मौके पर खानकाह ए नियाजिया के सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने नए प्रबंधक के रूप में जुनैदी मियां के नाम का एलान किया है। बीमारी के चलते 13 अगस्त को खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से खानकाह के प्रबंधक का पद खाली चल रहा था।



जुनैदी मियां।

दुनिया भर में सूफिज्म का संदेश देने वाली खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी के निधन के बाद गुरुवार को उनकी चालीसवें की फातिहा का आयोजन किया गया। फातिहा के बाद दुआ की गई। उसके बाद खानकाह के सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने खानदान के ही जुनैदी मियां को खानकाह का नया प्रबंधक घोषित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शब्बू मियां खानकाह की जिम्मेदारी को संभालते रहे, उसी तरह अब जुनैदी मियां उस जिम्मेदारी को निभाएंगे। सज्जादनशीन ने कहा कि शब्बू मियां ने जिस तरह से समाज में भाईचारा, एकता और मोहब्बत के लिए काम किया, खानकाहों को जोड़ने में हमेशा आगे बढ़कर काम किया, शासन और प्रशासन से बेहतर तालमेल बनाया। इन सारे कामों की उम्मीद उन्होंने जुनैदी मियां से जताई है। मौलाना कासिम नियाजी को जुनैदी मियां के साथ काम करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## सियारों ने चार लोगों को किया घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ग्राम पतरासा कुंवरपुर की सियारानी पति उमाचरन के साथ मुड़िया हुलास मार्ग पर टहलने गई थी तो गन्ने के खेत से निकले सियार ने हमला कर दिया। करीब आधे घंटे बाद गांव के ही ओमकार को सियार ने घायल कर दिया। वहीं भैंसहा ग्वालपुर गांव निवासी शिवप्रताप पर बरखेड़ा रोड पर टहलते समय सियार के हमले में घायल हो गए। गांव के ही राहुल पर भी सियार ने हमला कर दिया। नहर पुलिया पर बैठे छोटेलाल और रामऔतार को सियार ने दोड़ा लिया। घायलों का सीएचसी में इलाज किया गया।

# महिला को लूटने वाले गैंगेस्टर समेत दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिला से कुंडल व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों की पहचान मठलक्ष्मीपुर निवासी शिवम, फतेहगंज पश्चिमी के नई बस्ती निवासी युसूफ मंसूरी के रूप में हुई है। शिवम के पैर में गोली लगी है।

थाना प्रभारी इज्जतनगर धनंजय पांडेय ने बताया कि बुधवार देर रात गश्त के दौरान सूचना मिली कि महिला के साथ लूट करने वाला रेलवे कॉलोनी रोड नंबर 8 के पास घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी गोलू पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गोलू और युसूफ मंसूरी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक चाकू, एक मोटर साइकिल बरामद हुए हैं। गोलू पर गैंगेस्टर एक्ट समेत 30 और युसुफ मंसूरी पर आठ मुकदमे दर्ज हैं।

### किताबों की होम डिलीवरी के बहाने 70 हजार ठगे

**बरेली :** किताबों की होम डिलीवरी करने के बहाने युवती से 70 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिटी गार्डन में रहने वाली अदिति शर्मा ने बताया कि यूजीसी नेट की परीक्षा की तैयारी के लिए दुकान पर कॉल करके किताबों की जानकारी ली। कॉल रिसीव करने वाले ने बताया कि सात दिन तक दुकान बंद रहेगी वह किताबों की होम डिलीवरी करा देगा। आरोपी ने किताबों के 500 रुपये मांगे और क्यूआर कोड भेजा और 500 रुपये मंगाने के बहाने खाते से 9999 रुपये काट लिए। पूछने पर आरोपी ने कहा कि पैसे वापस कर रहा है। उसने एक रुपया वापस करने के बाद कहा कि 24900 रुपये भेजो तब भेजे गए पैसे वापस आ जाएंगे। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से 70, 298 रुपये काट लिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,184.80 | 25,415.80 |
| बढ़त | 236.57 | 38.25 |
| प्रतिशत में | 0.29 | 0.15 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 980, फ्लैग– 1115, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 850 रामपुर : शिवालिक–970, फ्लैग– 1090, डीएमओ–840, बोल्ड–1160।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2535, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2115, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1955, जय जवान 1930, सचिन 1980, सूरज 1955, अवसर 1980, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 2025, क्लासिक (किलो) 2090, मोर 2110, चक्र टिन 2350, ब्लू 2145, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30500, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 850–1050 ।चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500, चीनी– डालमियां 4020, पीलीभीत 4000।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5800 मसूरी– 5450 बासमती– 9200 परमल– 3900 दाल दलहन : काला चना– 8900 साबुत चना दाल– 9400 मूंग साबुत– 10800 राजमा– 12600–14600 दाल उड़द– 10600 साबुत मसूर दाल– 9100 मसूर दाल– 7400 उड़द साबुत– 11700 काबुली चना– 12600–16500 अरहर दाल– 16600 लोबिया/करमानी– 8600 सोयाबीन– 4950 मूंगफली– 11900 मटर (सूखी)– 5950 मक्का– 3300 (दाम प्रति क्विंटल में)

# विकसित भारत के लिए बैंकों की भूमिका अहम

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने बैंकों के लिए तकनीक सुरक्षा पर जोर देने को कहा

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र या विकसित भारत बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को हासिल करने में और तेजी लाएंगे।

वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त रफ्तार देने, एमएसएमई क्षेत्र को जरूरत के हिसाब से वित्त मुहैया कराने, बैंक सेवाओं से वंचित आबादी को बैंक दायरे में लाने और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंक परिदृश्य को तेजी से बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसानी से संचालित किया जा सकने वाला डिजिटल बैंकिंग अनुभव देती है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी सुरक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि आप (बैंक) ऐसी डिजिटल प्रणाली नहीं रख सकते हैं, जो कहीं भी हैक हो जाए और पूरी प्रणाली एवं उस पर आधारित भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसके लिए आपको एक मजबूत प्रणाली चाहिए। आपको हर बार यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में किस तरह के कदम उठाने होंगे।

वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तत्काल होने वाले सभी डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में होते हैं।



### सात देशों में यूपीआई की सुविधा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) अब सात देशों में उपलब्ध है, जिसके अनुसार सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसानी से नेविगेट करने योग्य डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है।

# भारत में 2030 तक बिजली खपत में होगी 10% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत की बिजली खपत वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3000 टेरावॉट प्रति घंटा (टीडब्ल्यूएच) तक बढ़ सकती है। वैश्विक निवेश प्रबंधन कंपनी ओमनीसाइंस कैपिटल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बिजली क्षेत्र में कोविड के बाद एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 24 तक बिजली की खपत लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जिसके 2030 तक जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में एक मजबूत विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिकने से भारत का ईवी बाजार विस्फोटक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है।

# भारत 2030-31 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

मुंबई, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि भारत अनुमानित 6.7 प्रतिशत की एक जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर के बल पर वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कंपनी ने "इंडिया फॉरवर्ड: इमर्जिंग पर्सपेक्टिव्ज" अध्ययन का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें भारत को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था केतौर पर दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की शानदारजीडीपी वृद्धि दर के आगे की स्थिति है, जो इस सरकार के 7.3 प्रतिशत के पूर्व के अनुमान से अधिक है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस




के चीफ डेटा अधिकारी अभिषेक तोमर ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि भारत वृद्धि के लिए कमर कस चुका है और युवा एवं गतिशील कार्यबल के साथ यह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था है। कारोबारी लेनदेन और लॉजिस्टिक्समें सुधार, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने और सरकारी पूंजी पर निर्भरता घटाने के लिए सतत सुधार महत्वपूर्ण है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,100–56,300 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,200 |
| चांदी तैयार | 88,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 74,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,500 |
| चांदी पक्की | 868 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 75,100 |
| चांदी आभूषण | 89,500। |

# श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'श्वेत क्रांति 2.0' की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

# बुनकरों-कताई करने वालों की मजदूरी में होगा इजाफा

**नई दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों के पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगा। सूत कातने वाले श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

# बोवाई पिछड़ी, देर से खाने को मिलेगा नया आलू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार

**अमृत विचार :** प्रदेश में खराब मौसम की वजह से इस बार अगेती आलू की बोवाई पिछड़ गई है, जो अब मौसम साफ होने पर सितंबर अंत या फिर अक्टूबर माह की शुरुआत तक होगी। इस वजह से नया आलू दिवाली के बाद ही बाजार में आएगा। हालांकि मुख्य आलू की फसल में देरी नहीं होगी। इसकी 15 से 25 अक्टूबर तक बोवाई की जाएगी और फरवरी में फसल तैयार हो जाएगी।

उद्यान विभाग ने सात लाख हेक्टेयर में आलू की बोवाई का लक्ष्य रखा है। इसमें 265 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष सात लाख हेक्टेयर में



243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। जो बारिश और कोहरा के कारण अनुमान से कम था, लेकिन पिछले वर्षों की अपेक्षा उत्पादन अधिक रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि अगेती फसल में ज्यादा देरी नहीं हुई है। किसान मौसम साफ होते ही खेत सूखने पर बीज उपचारित करके पोटैटो प्लांटर से आलू की बोवाई करें। खेतों में नमी होने की वजह से पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जलनिकासी की व्यवस्था जरूर करें। इससे बारिश होने पर फसल बर्बाद नहीं होगी।

**कुफरी भास्कर नया, नीलकंठ की ज्यादा मांग:** इस बार केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित कुफरी भास्कर प्रजाति की किसानों में ज्यादा मांग है। साथ ही यहां की विकसित नीलकंठ प्रजाति की भी मांग है। नीलकंठ में कैंसर से लड़ने वाले कैरोटिन एंथोसाइनिन नामक तत्व होते हैं। इसके दाम अच्छे मिलते हैं।



## एक नजर

### राज्यसभा सदस्यता से जवाहर सरकार का इस्तीफा मंजूर

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार का उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद उठाए गए कदमों को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने वाले सरकार ने उच्च सदन से इस्तीफे की घोषणा की थी।

### महाराष्ट्र: एक ही परिवार के 4 लोगों के शव घर में मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में गुरुवार को एक दंपति और उनके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि दंपति ने अपने बच्चों को जहरीला पदार्थ देने के बाद आत्महत्या कर ली।

# भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

## अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये

**हरियाणा विस चुनाव**

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियां और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत और चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी किया। हरियाणा में अगले महीने होने वाले चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ भाजपा




ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसलें एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस सरकार के दौरान कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को बिना 'खर्ची-पर्ची' के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने 'हर घर गृहणी योजना' के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राज्य में पहले से ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अंत्योदय परिवारों को हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है।

### एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

**चंडीगढ़।** भाजपा के घोषणापत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने देश भर के किसी भी सरकारी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज में ओबीसी, एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटर देने का भी वादा किया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में हरियाणा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं हरियाणा बदल गया है।

# गया-कैमूर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई हथियार और चार करोड़ नकद बरामद

पटना/गया, एजेंसी

- आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में गुरुवार को बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए।

एनआईए की ओर से कहा गया कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों



को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर की गई छापेमारी में अलग-अलग बोर के दस हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, कई डिजिटल उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

एनआईए ने कहा कि यह मामला बीते साल 7 अगस्त को औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के दो कैडरों की गिरफ्तारी से प्रकाश में आया था। गिरफ्तार किए गए कैडरों में रोहित राय और प्रमोद यादव शामिल हैं। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित पुस्तिकाएं भी बरामद की गई थीं।

### पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के यहां भी छापेमारी

**गया।** बिहार में सत्तारूढ़ जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार एनआईए टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। एसबीआई के कर्मचारी नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर उनके आवास पहुंचे थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है।

# कॉलेजियम की सिफारिशें कोर्ट के साथ साझा करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों से संबंधित कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में अगले सप्ताह कुछ जानकारियां प्रदान करेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ये टिप्पणियां करते हुए शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध एक जनहित याचिका पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ से कहा, "कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएंगे। कृपया याचिका को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।"

# झूठी गवाही के दावे पर पूजा खेडकर से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा।

# पूर्व पुलिस आयुक्त ने जज के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के पूर्व पुलिस आयुक्त कृष्ण कुमार राव ने एक जज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर उनसे एक करोड़ का हर्जाना मांगा है। राव के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने फरवरी 2022 में पारित एक आदेश में करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में गुरुग्राम पुलिस के पूर्व उपायुक्त धीरज सेतिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले में जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। जज ने कहा कि मुख्य संदिग्ध सचिंदर जैन द्वारा की गई स्वीकारोक्ति के आधार पर यह संदिग्ध लगता है कि सेतिया, जिस पर मामले में जांच को पटरी से उतारने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है, राव के अधीन ऐसा कर सकता है, विशेषकर यह देखते हुए कि गैंगस्टर गुरुग्राम कमिश्नरेट में उससे मिलने आते थे।

# मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय कांग्रेस में शामिल

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस में ऐसे समय शामिल हुए हैं, जब महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। वर्ष 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को 2022 में ईडी ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। पांडेय को कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड ने पार्टी में शामिल कराया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पांडेय ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि कांग्रेस को छोड़कर कोई अन्य राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन नहीं करता है।

# फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को कार ने कुचला

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी इलाके में फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि सोनू (40) और मोहम्मद इस्लाम (38) इस दुर्घटना में घायल हो गए। सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में उपलब्धि**

# भारत जी-20 देशों के विशिष्ट में समूह में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के विरुद्ध लड़ाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से 'रेगुलर फॉलो-अप' रेटिंग प्राप्त करने वाले सिर्फ चार जी20 देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, लेकिन एफएटीएफ ने अलकायदा और आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों से उत्पन्न खतरों से भी चेताया है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में एक्स पर कई पोस्ट कर यह



जानकारी दी और कहा कि यह मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के विरुद्ध भारत की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर और गर्व का क्षण है। इन चार देशों में भारत, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली शामिल है। इसके बाद इंहेंस फॉलो अप सूची में 11 देश शामिल हैं, जिसमें कनाडा, जर्मनी, अमेरिका, चीन, सऊदी अरब , इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मैक्सिको, आस्ट्रेलिया और ब्राजील शामिल है।

एफएटीएफ ने इस दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा के बाद यह रैंकिंग दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन में पर्याप्त प्रभावशीलता रेटिंग यह दर्शाती है कि वित्तीय खुफिया जानकारी का हमारा मजबूत उपयोग धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण है।

# गोदरेज हेयर डाई और गुड नाइट लिक्विड की नकली फैक्ट्री पर छापा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और नकली गुड नाइट गोल्ड फ्लैश की एक नकली फैक्ट्री पर छापा मारा है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना नकली गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर की पैकेजिंग सामग्री का अवैध भंडारण और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापे में गुड नाइट गोल्ड फ्लैश पैकेजिंग की 2000 पीस, पैक किए गए गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर के 85 पीस और गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई के 180 पीस जब्त किए गए।

# आजादी से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार फैसलों का हिंदी अनुवाद

- चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद से सुप्रीम कोर्ट के लगभग 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। अब उनका अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात एक मामले की सुनवाई के दौरान कही।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हिंदी के बाद अब तमिल सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत



अपने फैसलों का संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में है। संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, असमिया, बंगाली, बोडो और डोगरी सहित 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है। प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों से सुनवाई के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' से निर्णयों के तटस्थ उद्धरण देने का भी आग्रह किया।

शीर्ष अदालत ने 2023 में वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को अपने निर्णयों तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए ई-एससीआर परियोजना शुरू की थी। वकील ई-एससीआर का उपयोग करते हुए सुनवाई के दौरान अपनी दलीलों के समर्थन में पिछले निर्णयों का हवाला देते हैं।

### फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद एआई की मदद से

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे देश भर की जिला अदालतों तक पहुंच सकें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतिम अनुवाद की समीक्षा मानवीय हस्तक्षेप के माध्यम से की जाती है। अनुवाद में मानवीय हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने एआई की सीमा का उल्लेख किया और कहा कि यह 'लीव ग्रांटेड' का अनुवाद 'अवकाश प्राप्त हुआ' के रूप में करती है। कानूनी भाषा में 'लीव' का मतलब अकसर किसी वादी को किसी विशेष उपाय का सहारा लेने के लिए अदालत की अनुमति देना होता है।

## खेल डायरी

### सुमित नागल ने खेलने के लिए मांगी थी 50,000 अमेरिकी डॉलर की फीस



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए डेविस कप खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी, लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है। नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ डेविस कप से हटने का फैसला किया था।

### विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़त



**गुरुग्राम।** महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने गुरुवार को 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। विधात्री और हिताषी एक ओवर 145 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### आईएलटी20 ने स्टार खिलाड़ियों रॉय, होप और वेड से अनुबंध किया



**मुंबई।** डीपी वर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 की छह फ्रेंचाइजी ने अगले साल 11 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले तीसरे सत्र के लिए जेसन रॉय, मैथ्यू वेड और शाई होप जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। नए खिलाड़ियों से अनुबंध करने की विंडो (समय–सीमा) जून में शुरू हुई थी जो पिछले रविवार को संपन्न हुई। मैच अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होंगे। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

### भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में मजबूत शुरुआत की



**डेनिया (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने गुरुवार के लेडीज यूरोपीय टूर पर ला सेला ओपन के शुरुआती दैर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत की। त्वेसा ने नौवें होल से शुरूआत की और बैक नाइन में आठ पार तथा एक बर्डी से संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स इवन पार पर थीं जबकि सहर अटवाल संयुक्त 75वें स्थान पर थीं। रिद्धिमा दिलावड़ी पहले होल के बाद एक ओवर पर थीं।

# शतकवीर अश्विन और जडेजा ने कराई भारत की वापसी

## पहले दिन भारतीय टीम ने छह विकेट पर 339 रन बनाए, भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा, हसन महमूद ने चार विकेट झटके




रविचंद्रन अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिये हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिये थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेलीं।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिये 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए।

भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिये। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिये। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।

### पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

**चेन्नई।** घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमें थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन में आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैंने कुछ चीजों पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद में 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (74)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी बो नाहिद | 56 | 9/0 |
| रोहित का शान्तो बो महमूद | 06 | 1/0 |
| गिल का लिटन बो महमूद | 00 | 0/0 |
| विराट का लिटन बो महमूद | 06 | 0/0 |
| पंत का लिटन बो महमूद | 39 | 6/0 |
| राहुल का जाकिर बो मिराज | 16 | 1/0 |
| जडेजा नाबाद | 86 | 10/2 |
| अश्विन नाबाद | 102 | 10/2 |

**अतिरिक्त** : 28 रन, **विकेट पतन** : 1–14, 2–28, 3–34, 4–96, 5–144, 6–144

**गेंदबाजी** : तसकीन अहमद 15–1–47–0, हसन महमूद 18–4–58–4, नाहिद राणा 17–2–80–1, मेहदी हसन मिराज 21–2–77–1, शाकिब अल हसन 8–0–50–0, मोमिनुल हक 1–0–4–0

# न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

- टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की
- पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम 305 रन पर ऑल आउट हो गई

गॉल, एजेंसी

टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए। श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने जयसूर्या की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में स्क्वायर लेग पर कैच थमाया। विलियमसन की अच्छी लय में नजर आए लेकिन 55 रन के स्कोर पर उनकी एकाग्रता टूटी और उन्होंने धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच थमाया। रचिन रविंद्र (39) भी धनंजय की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल (नाबाद 41) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 18) ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी करके इसके बाद न्यूजीलैंड को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलने उतरी और 305 रन पर ऑल आउट हो गई। तेज गेंदबाज विल ओ रोर्के ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।



श्रीलंका के गॉल में शॉट खेलते हुए न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल।

## फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा इटली

डेविस कप

**मैड्रिड।** गत चैंपियन इटली नवंबर में डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा। दक्षिणी स्पेनिश के शहर मलागा में गुरुवार को अंतिम आठ के लिए हुए ड्रॉ में अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से, जर्मनी का कनाडा से और नीदरलैंड का स्पेन से मुकाबला तय हुआ। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद इटली, स्पेन, कनाडा और अमेरिका को वरीयता दी गई। इटली-अर्जेंटीना मुकाबले का विजेता सेमीफाइनल में अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। जर्मनी-कनाडा मैच का विजेता नीदरलैंड या स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा।

चाइना ओपन



महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराया

## मालविका क्वार्टरफाइनल में

**चांगझोऊ।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। गुरुवार को एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21–17, 19–21, 21–16 से हराया। इस जीत के साथ वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं।

# इंडिया ए ने मैच में बनाई पकड़

अनंतपुर, एजेंसी

दलीप ट्रॉफी

शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। गुरुवार को टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल कम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया ए ने सात विकेट पर 224 रन बना लिये थे और शाश्वत रावत (नाबाद 122) और आवेश खान (नाबाद 16) क्रीज पर थे। इंडिया सी की ओर से अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट, विजयकुमार वैशाख को दो विकेट मिले।

### चार बल्लेबाजों का अर्धशतक, इंडिया डी बड़े स्कोर की ओर

**अनंतपुर।** संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड़िक्कल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पाचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड़िक्कल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की ओर से राहुल चाहर ने तीन विकेट लिये। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया व पुरुष टीम ने चीन को हराया

शतरंज ओलंपियाड

**बुडापेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

# भारत के शुरुआती मैच बांग्लादेश से

- सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम
- टूर्नामेंट के ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें शामिल

थिम्पू, एजेंसी

गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था, जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था, जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था। इश्फाक अहमद ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा हो और हम जानते हैं कि बांग्लादेश की टीम से खेलना इतना आसान नहीं होगा। हमें सकारात्मक शुरूआत का भरोसा है। उम्मीद है कि हर कोई मैच में अच्छी फुटबॉल का लुत्फ उठायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### सिटाडेल सीजन 2 में नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज–अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। इससे पहले कि वह सिटाडेल–सीजन 2 के सेट पर एक शानदार काले रंग की ड्रेस में नजर आईं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शार्प पोनीटेल, धूप का चश्मा लगाए हुए प्रियंका का यह लुक बेहद हॉट है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा, नादिया वापस आ गई। इससे पहले प्रियंका ने सेट पर जाने का एक वीडियो भी साझा किया था, जिसका कैप्शन था, हैलो सिटाडेल एस 2। अगस्त में प्रियंका ने अपने नए रंग की आंखों को दिखाते हुए एक क्लिप साझा की थी।

### दुर्गापूजा पर रिलीज होगी अपराधी



**मुंबई।** ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म अपराधी दुर्गापूजा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म अपराध का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है, और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। फिल्म अपराधी में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म अपराधी को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है।

### बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपने बेटों को अपनी सुपरहिट फिल्म जब वी मेट दिखाना चाहती हैं। हाल ही में, करीना कपूर के नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल का एलान किया गया है। इस दौरान उनकी कई फिल्में दिखाई जाएगी। इस फिल्म फेस्टिवल में करीना कपूर की जब वी मेट, कभी खुशी कभी गम, अशोका, चमेली और ओमकारा समेत कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 27 सितंबर तक होगा। करीना कपूर चाहतीं हैं कि उनके बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान उनकी एक फिल्म जब वी मेट देखें। इस फिल्म में करीना कपूर ने गीत का रोल किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। करीना कपूर की आने वाली फिल्म में सिंघम अगेन प्रमुख है।

## पंजाब ने हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर।** पंजाब ने गुरुवार को शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उप्र के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए, जिससे मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूटआउट के दौरान उप्र के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रुहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने ड्रॉ खेला

- 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई

जिनेवा, एजेंसी

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच बुधवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गये, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए।

नये लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किये गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में गुरुवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्ड से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।



गोल करने का मौका चूकने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते मैनचेस्टर सिटी के इल्के गुंडोगन। • एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

